www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173
सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित







2 दांव पर न्यायपालिका की साख, जनता कैसे करे भरोसा
पुलिस की बड़ी कार्रवाई 04

वर्ष :08 | अंक :278 | मुंबई ,सोमवार , 31 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में बेटे ने पिता की गला दबाकर की हत्या, शव झाड़ियों में फेंका, पुलिस से बोला- प्रॉपर्टी बेचने नहीं दे रहे थे

वाराणसी : रामनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को झाड़ियों में मिले सिक्योरिटी गार्ड की हत्या का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है. सिक्योरिटी गार्ड की हत्या उसके बेटे ने अपने दो साथियों के साथ की थी. रविवार को पुलिस ने बताया कि, आरोपी बेटे और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है. एक साथी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है. फरार आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा गया है. 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले : शनिवार को रामनगर दुर्गा मंदिर के पास से झाड़ियों में शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया था. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था. पुलिस ने हत्याकांड में जांच के लिये टीम गठित की. इस दौरान पुलिस ने करीब 50 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले. पुलिस ने शक के आधार पर मृतक श्याम जी पटेल के बेटे राजकुमार पटेल व मयंक पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो अभियुक्तों ने हत्या करने के राज कबूल कर लिए. प्रॉपर्टी के लिये मारा : एडीसीपी काशी टी सरवणन ने बताया कि रामनगर में सिक्योरिटी गार्ड श्याम जी पटेल की हत्या का खुलासा 12 घंटे के अंदर में कर लिया गया है.

### मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल के कुछ हिस्सों में एएफएसपीए का विस्तार

नई दिल्ली: मणिपुर में आर्म फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (एएफएसपीए) को रविवार को कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर 13 पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर पूरे मणिपुर में छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया. यह अधिनियम अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों को व्यापक शक्तियां और केन्द्र की मंजूरी के बिना अभियोजन से छूट देता है. केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अशांत घोषित क्षेत्रों में लगाया गया एएफएसपीए कानून, नगालैंड के आठ जिलों और राज्य के पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में भी छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है. इस कानून को अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के साथ-साथ राज्य के नामसाई जिले के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी 1 अप्रैल से छह महीने के लिए लागू कर दिया गया है. गौरतलब है कि एएफएसपीए की अक्सर एक कठोर कानून के रूप में आलोचना की जाती है. यह अशांत क्षेत्रों में कार्यरत सशस्त्र बलों को आवश्यकता पड़ने पर तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोली चलाने के व्यापक अधिकार प्रदान करता है.

# आरएसएस भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट वृक्ष : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर दौरे पर हैं. उन्होंने स्मृति मंदिर में आरएसएस के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नागपुर दौरा**

▶▶प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर दौरे के दौरान 'माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर' की आधारशिला रखी। इसे माधव नेत्रालय नेत्र संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र का विस्तार करके बनाया गया है। माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर में 250 बिस्तर वाला अस्पताल, 14 बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और 14 ह्यमॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर होंगे, जिनका उद्देश्य लोगों को सस्ती और विश्वस्तरीय नेत्र उपचार सेवाएं प्रदान करना है।



एजेंसी

नागपुर: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार सुबह नागपुर पहुंचे. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया. इसके बाद वह संघ के स्मृति मंदिर पहुंचे, जहां आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने उनका स्वागत किया.प्रधानमंत्री मोदी ने स्मृति मंदिर में आरएसएस के संस्थापको केशव बलिराम हेडगेवार और माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) को पुष्पांजलि अर्पित की.

**पीएम का संदेश**

स्मृति मंदिर में विजिटर बुक में अपने संदेश में पीएम मोदी ने लिखा, परम पूजनीय डॉ हेडगेवार जी और पूज्य गुरुजी को शतशतनमन. उनकी स्मृतियों को संजोते, इस स्मृति मंदिर में आकर अभिभूत हूं. भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और संगठन शक्ति के मूल्यों को समर्पित यह स्थली हमें राष्ट्र की सेवा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है. संघ के इन दो मजबूत स्तंभों की यह स्थली देश की सेवा में समर्पित लाखों स्वयंसेवकों के लिए ऊर्जा पुंज है. हमारे प्रयासों से मां भारती का गौरव सदा बढ़ता रहे! नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद कई बार नागपुर का दौरा किया. लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान वह नागपुर में रुकते थे. हालांकि इन 10 वर्षों में उन्होंने आरएसएस मुख्यालय या रेशिमबाग स्थित स्मृति मंदिर का दौरा नहीं किया.

**पीएम मोदी ने माधव नेत्रालय भवन की आधारशिला रखी**

तय कार्यक्रम के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर में माधव नेत्रालय आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के नए विस्तार भवन माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी. समारोह में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत मौजूद थे. स्थापित यह केंद्र नागपुर में स्थित प्रमुख सुपर-स्पेशलिटी नेत्र चिकित्सा सुविधा है और इसकी स्थापना दिवंगत आरएसएस प्रमुख माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर उर्फ गुरुजी की स्मृति में की गई थी. नए सेंटर में 250 बिस्तरों वाला अस्पताल, 14 बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और 14 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर होंगे, जिसका उद्देश्य लोगों को सस्ती और विश्व स्तरीय नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करना है.

**दीक्षाभूमि पहुंचे पीएम मोदी**

आरएसएस मुख्यालय में स्मृति मंदिर का दौरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीक्षाभूमि पहुंचे ।

**मन की बात में बोले पीएम मोदी, हमारे त्योहार देश की विविधता में एकता को दर्शाते हैं**

*नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज और आगामी दिनों में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार भारत की विविधता में व्याप्त एकता की भावना के सूचक हैं। मोदी ने लोगों से इस भावना को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने मन की बात मासिक कार्यक्रम में कहा कि रविवार को विभिन्न राज्य अपना पारंपरिक नववर्ष मना रहे हैं और आगामी दिनों में कई अन्य राज्य भी इसे मनाएंगे। मोदी ने कहा कि ईद सहित अन्य त्योहार भी मनाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को इन त्योहारों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कुछ ही सप्ताह बाद गर्मी की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं और गर्मी के लंबे दिन छात्रों के लिए नए शौक विकसित करने एवं अपने कौशल को निखारने का समय होते हैं। प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने वालों से माईहॉलिडेज हैशटैग का उपयोग करने तथा छात्रों एवं अभिभावकों से हॉलिडेमेमोरीज हैशटैग के साथ अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने अपने संबोधन में विभिन्न तरीकों से जल संरक्षण कर कैच द रेन अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कदमों से पिछले सात से आठ साल में 11 अरब घन मीटर से अधिक पानी बचाया गया है। उन्होंने लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह भारत की ओर से मानवता के लिए एक अमूल्य उपहार है। मोदी ने कहा कि 21 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब एक बड़ा उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष इस आयोजन का विषय एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है।*

# पटरी से उतरी कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस की 11 बोगियां, एक की मौत, कई लोग घायल

## रेलवे ने कहा था- सभी यात्री सुरक्षित हैं हेल्पलाइन नंबर जारी

> खुर्दा रोड डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर एच.एस. बाजवा ने कहा, 'आज बैंगलोर-कामाख्या एक्सप्रेस नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। उसी रूट पर एक विशेष ट्रेन चलाई जा रही है जो उसी गंतव्य तक जाएगी। इसके बाद, मरम्मत का काम शुरू होगा। हम रेलवे की ओर से अनुग्रह राशि प्रदान करेंगे। हमने भोजन, पानी, प्राथमिक चिकित्सा और बसों की भी व्यवस्था की है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ यहां हैं। जांच की जाएगी।'



एजेंसी

ओडिशा । ओडिशा के कटक जिले में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की 11 बोगियां पटरी से उतर गईं, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की मौत और आठ लोग घायल हो गए। इन यात्रियों को बचा लिया गया है और उन्हें चिकित्सा के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। रेलवे अधिकारी बाधित ट्रैक को बहाल करने और आगे की बाधाओं को कम करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। ओडिशा अग्निशमन सेवा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय रेलवे अधिकारियों के कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और बचाव अभियान में सहायता कर रहे हैं। रेलवे ने बचाव प्रयासों में सहायता के लिए एक राहत ट्रेन भी तैनात की है। पटरी से उतरने की घटना के बाद धौली एक्सप्रेस, नीलाचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों पर भेजा गया। रेलवे ने सहायता प्रदान करने और यात्रियों को सूचित रखने के लिए कई हेल्पलाइन भी सक्रिय की हैं। खुर्दा रोड डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर एच.एस. बाजवा ने कहा, 'आज बैंगलोर-कामाख्या एक्सप्रेस नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई।

उसी रूट पर एक विशेष ट्रेन चलाई जा रही है जो उसी गंतव्य तक जाएगी। इसके बाद, मरम्मत का काम शुरू होगा। हम रेलवे की ओर से अनुग्रह राशि प्रदान करेंगे। हमने भोजन, पानी, प्राथमिक चिकित्सा और बसों की भी व्यवस्था की है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ यहां हैं। जांच की जाएगी।'

**रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा**

अस्पताल के अधिकारी सुभाष चंद्र रे ने कहा, 'ट्रेन हादसे में एक पुरुष की जान गई है। 8 घायलों में 3 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं।' दुर्घटना के बाद एनडीआरएफ के साथ रेलवे की सहायता करने वाले ओडिशा फायर सर्विस के एक अधिकारी ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है।

# मणिपुर समेत 3 राज्यों में एएफएसपीए 6 महीने बढ़ा

## ▶▶सेना कभी भी किसी को हिरासत में ले सकेगी, हिंसा और अशांति के चलते गृह मंत्रालय का फैसला

● मणिपुर में एएफएसपीए कानून को 13 पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर पूरे मणिपुर में छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है.



एजेंसी

नई दिल्ली: मणिपुर में आर्म फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (एएफएसपीए) को रविवार को कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर 13 पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर पूरे मणिपुर में छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया. यह अधिनियम अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों को व्यापक शक्तियां और केन्द्र की मंजूरी के बिना अभियोजन से छूट देता है.केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अशांत घोषित क्षेत्रों में लगाया गया एएफएसपीए कानून, नगालैंड के आठ जिलों और राज्य के पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में भी छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है.इस कानून को अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के साथ-साथ राज्य के नामसाई जिले के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी 1 अप्रैल से छह महीने के लिए लागू कर दिया गया है.

**एएफएसपीए की आलोचना**

गौरतलब है कि एएफएसपीए की अक्सर एक कठोर कानून के रूप में आलोचना की जाती है. यह अशांत क्षेत्रों में कार्यरत सशस्त्र बलों को आवश्यकता पड़ने पर तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोली चलाने के व्यापक अधिकार प्रदान करता है।

# लालू को लाज नहीं, गाय का चारा खा गए : शाह

## सिर्फ अपने परिवार को सेट किया; एनडीए सरकार बनाइए, बिहार को बाढ़ मुक्त कर देंगे

> गोपालगंज जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'केंद्र और बिहार दोनों जगह की राजग सरकारें राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही हैं। जो लोग जानवरों का चारा खाते हैं, वे राज्य के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। लालू जी अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत सामग्री आपूर्ति घोटाला, चरवाहा विद्यालय घोटाला में शामिल थे, उन्होंने गायों का चारा भी खाया।'

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के गोपालगंज जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधा। शाह ने साफ तौर पर कहा कि जो लोग गायों का चारा खाते हैं, वह बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के गोपालगंज जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधा। शाह ने साफ तौर पर कहा कि जो लोग गायों का चारा खाते हैं, वह बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। गोपालगंज जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'केंद्र और बिहार दोनों जगह की राजग सरकारें राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही हैं। जो लोग जानवरों का चारा खाते हैं, वे राज्य के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। लालू जी अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत सामग्री आपूर्ति घोटाला, चरवाहा विद्यालय घोटाला में शामिल थे, उन्होंने गायों का चारा भी खाया।' भाजपा नेता ने लालू-राबड़ी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।



# जहां चाहूंगा नमाज पढूंगा, देखें कौन रोकता है

## बरेली में तौकीर रजा बोले- अनुज चौधरी के खिलाफ धरना देने संभल जाऊंगा

एजेंसी

बरेली , 'अगर मस्जिद फुल हो गई। मुझे नमाज पढ़नी है तो सड़क पर 2 से 5 मिनट के लिए पढ़ लेता हूं। इसमें आपको क्या कष्ट है? यह मेरा भी देश है। मैं कहीं पर भी खड़े होकर नमाज पढूंगा। देखता हूं, मुझे नमाज पढ़ने से कौन रोकता है। जब हम तुम्हें पूजा करने से नहीं रोकते हैं तो फिर तुम हमारे मजहबी मामलों में दखल क्यों देते हो। आप हमें नमाज पढ़ने से नहीं रोक सकते। हमारी मस्जिदों पर अब तुम बुलडोजर नहीं चला सकते हो। संभल का माहौल खराब है, मैं वहां धरना देने जाऊंगा। मेरे साथ पूरा बरेली होगा। मैं तब तक धरने से नहीं हटूंगा, जब तक सीओ अनुज चौधरी पर कार्रवाई नहीं हो जाती।



# हिमाचल में लैंडस्लाइड में 4 कारें दबीं, 6 की मौत

## मणिकर्ण गुरुद्वारे के पास कुछ टूरिस्ट के मलबे में दबे होने की आशंका

**मृतकों की शिनाख्त नहीं, टूरिस्ट हो सकते हैं**

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 6 लोगों के शव निकाल लिए हैं। अभी इनकी पहचान नहीं हो सकी है, पहचान के लिए पुलिस प्रयास में जुटी है। मृतकों में कई पर्यटक हो सकते हैं, क्योंकि मणिकर्ण में देशभर से धार्मिक टूरिस्ट दर्शन करने पहुंचते हैं।



एजेंसी

पतलीकूहल, कुल्लू । हिमाचल प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थल मणिकर्ण में गुरुद्वारे के पास रविवार शाम करीब 4 बजे पहाड़ी से लैंडस्लाइड हो गया। ये लैंडस्लाइड तेज तूफान के कारण भारी भरकम पेड़ के गिरने से हुआ। पेड़ सड़क पर पहले से ही खड़ी करीब 6 गाड़ियों पर गिरा। जिससे इन गाड़ियों में सवार कुल 6 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका भी है। प्रशासन और पुलिस रेस्क्यू में जुटी हुई है। हादसे के बाद काफी देर तक कुछ लोग गाड़ियों के अंदर ही फंसे रहे, जिन्हें पुलिस ने बाहर निकाला। घायलों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और गंभीर रूप से घायल लोगों को कुल्लू रेफर किया गया है। सड़क पर आए मलबे को हटाकर दबे लोगों की तलाश जारी है।

# तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी का दावा

**'वक्फ बिल का मुद्दा उठाने वाले पहले व्यक्ति'**

वक्फ बिल मुद्दे को लेकर राजनीति अभी भी गरमायी हुई है. सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि वह इसका विरोध करने वाले पहले व्यक्ति हैं.



एजेंसी

विकाराबाद: तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कोडंगल में दावत-ए-इफ्तार में भाग लेने के दौरान दावा किया कि वह राज्य में वक्फ विधेयक का मुद्दा उठाने वाले पहले व्यक्ति है. यहां तक कि एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने भी इस मुद्दे को नहीं उठाया.उन्होंने आगे बताया कि किस प्रकार कोडंगल निर्वाचन क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के विकास के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है. मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने कोडंगल विधानसभा क्षेत्र में मुसलमानों के विकास के लिए विधायक निधि का 25 प्रतिशत हिस्सा स्वीकृत किया है. कोडंगल के लोगों को मेरे एक हस्ताक्षर से ही सब कुछ मिल जाएगा और इसके लिए उन्हें दूसरों की मदद लेने की जरूरत नहीं है।

**तंज** 'आप' सांसद संजय सिंह बोले- गिर जाएगी मोदी सरकार

# योगी जी मीट की दुकानें बंद करा रहे तो शराब की क्यों नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद व उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने योगी सरकार पर शराब की एक बोतल पर एक बोतल फ्री होने को लेकर तंज कसा. कहा कि ये बंपर ऑफर चल रहा है. डबल इंजन की सरकार में डबल दारू का ऐलान हो चुका है. हमने किस तरह से नोएडा, मुजफ्फरनगर, हापुड़ में लंबी-लंबी लाइनों वाली तस्वीरें देखी. योगी जी की सरकार, मोदी जी की सरकार, डबल इंजन की सरकार नौजवानों को रोजगार भले न दे पाए, लेकिन एक के बदले एक बोतल फ्री का ऑफर चल रहा है. नवरात्र में शराब की दुकान रहे बंद : एक तरफ नवरात्र में मांग हो रही है कि मंदिर या तीर्थस्थल के आसपास मीट की दुकान ना खोली जाए. यह ठीक भी है. लेकिन, मैं यह भी मांग करता हूं कि नवरात्र में शराब की दुकान भी न खोली जाए. योगी सरकार नवरात्र में नौ दिन शराब की दुकान बंद कर दें. केएफसी बंद कराएं, मैकडॉनल्ड की दुकान बंद कराएं. बीजेपी वालों के भी रेस्टोरेंट बंद कराएं. आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि भारत आज दुनिया में मीट एक्सपोर्ट की सूची में अग्रिम पंक्ति में शामिल है. यहां आप बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं. उत्तर प्रदेश के 70 जिलों में आम आदमी पार्टी का कल प्रदर्शन हुआ था. आरएसएस और बीजेपी दे जवाब : डबल इंजन की सरकार में एक के बदले एक बोतल फ्री दारू के खिलाफ अभियान को आगे भी चलाएंगे. देश के प्रधानमंत्री आज आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर मुख्यालय नागपुर गए. 100 साल आरएसएस को हो गए अब तक एक भी प्रमुख दलित, पिछड़ा, आदिवासी या महिला अब तक क्यों नहीं बनी. इसका जवाब आरएसएस को देना चाहिए. 52 साल तक भारत की आन-बान और शान हमारा तिरंगा झंडा आरएसएस के मुख्यालय पर क्यों नहीं फहराया गया? आज 100 साल पूरा होने पर इसका जवाब आरएसएस और बीजेपी को देना चाहिए. जनसंघ पर भी किया तंज : जनसंघ के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी जो फजलुल हक की गवर्नमेंट में शामिल थे. उनका जवाब देना चाहिए कि उन्होंने अंग्रेज गवर्नर को चिट्ठी क्यों लिखी थी? जिसमें लिखा था आजादी के आंदोलन को कुचल देना चाहिए. आरएसएस और बीजेपी के लोगों को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की इस चिट्ठी के बारे में भी जवाब देना चाहिए. आरएसएस और बीजेपी को बताना चाहिए कि जिन्ना की मुस्लिम लीग जिसने भारत के दो टुकड़े किए, जिसने हिंदुस्तान और पाकिस्तान बनाया. उस जिन्ना के साथ तीन राज्यों में आरएसएस और बीजेपी की सरकार क्यों थीं.



> आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मोदी, योगी सरकार पर जमकर तंज कसा. उन्होंने नवरात्र में शराब बैन करने की मांग की.

# जमशेदपुर में मुठभेड़ में इनामी अपराधी अनुज कनौजिया ढेर

## दो दशक से कर रहा था आपराधिक गतिविधियों को अंजाम



○ एसएसपी जमशेदपुर कौशल किशोर ने बताया, 'कल रात यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस एटीएस ने संयुक्त अभियान चलाया था। हमें सूचना मिली थी कि 2.5 लाख रुपये का इनामी बदमाश अनुज कनौजिया यहां छिपा हुआ है। पुलिस ने जब छापेमारी की तो बदमाश ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें बदमाश अनुज कनौजिया मारा गया।'

एजेंसी


नयी दिल्ली। झारखंड के जमशेदपुर में उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और झारखंड पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2.5 लाख रुपये का इनामी बदमाश अनुज कनौजिया मारा गया। पुलिस ने बताया कि जमशेदपुर में मारा गया गैंगस्टर और शूटर अनुज कनौजिया दो दशक से अधिक समय से पूर्वी उत्तर प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था एवं विशेष कार्यबल) अमिताभ यश ने बताया कि जमशेदपुर में उत्तर प्रदेश एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में मुख्तार अंसारी गिरोह का शार्पशूटर अनुज कनौजिया मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ जिलों के विभिन्न थानों में कनौजिया के खिलाफ 23 मामले दर्ज थे। एसएसपी जमशेदपुर कौशल किशोर ने बताया, कल रात यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस एटीएस ने संयुक्त अभियान चलाया था। हमें सूचना मिली थी कि 2.5 लाख रुपये का इनामी बदमाश अनुज कनौजिया यहां छिपा हुआ है। पुलिस ने जब छापेमारी की तो बदमाश ने फायरिंग कर दी।

## सम्पादकीय

# पाकिस्तानी मानसिकता, हरकतों से बाज नहीं आ रहा पड़ोसी देश

पाकिस्तान का अंध भारत विरोध लाइलाज हो गया है। इसीलिए पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के दमन और उत्पीड़न का उल्लेख करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर को यह कहना पड़ा कि हम इस पड़ोसी देश की कट्टर मानसिकता को नहीं बदल सकते। यह सही भी है क्योंकि आतंकी संगठनों को पालने-पोसने की अपनी नीति के चलते वह आर्थिक रूप से बदहाल है ।जम्मू-कश्मीर के कठुआ में पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश के दो आतंकियों के मारे जाने से फिर से यह सिद्ध हुआ कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। इसकी पुष्टि इससे भी होती है कि ये दोनों आतंकी पाकिस्तान से ही आए थे। सुरक्षा बलों ने गत दिवस इनके बचे हुए साथियों को जम्मू संभाग के ही एक अन्य इलाके में घेरा। देर-सबेर ये भी मारे जाएंगे, लेकिन यह आवश्यक है कि उनका सफाया करते समय सुरक्षा बल सतर्कता बरतें, ताकि किसी तरह क्षति न उठानी पड़े ।यह अच्छा नहीं हुआ कि कठुआ में आतंकियों से मुठभेड़ करते समय जम्मू-कश्मीर पुलिस के चार जवानों को अपना सर्वोच्च बलिदान देना पड़ा। कठुआ के जंगलों में पाकिस्तान से आए आतंकियों की तलाश यही बताती है कि वे सीमा पार से घुसपैठ करने में समर्थ बने हुए हैं। यह घुसपैठ पाकिस्तान के सहयोग और समर्थन के बिना संभव नहीं। भारत को इसे असंभव बनाने के लिए नए सिरे से कुछ जतन करने होंगे। इसलिए और भी अधिक, क्योंकि पिछले कुछ समय से यह साफ दिख रहा है कि जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है ।इसका प्रमाण इससे मिलता है कि वहां के अलगाववादी गुट मुख्यधारा में लौटने लगे हैं। हाल में चार अलगाववादी गुटों ने जिस तरह मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया, उससे यही रेखांकित होता है कि जम्मू-कश्मीर में यह धारणा प्रबल हो रही है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद एवं अलगाववाद निरर्थक है। कठिनाई यह है कि पाकिस्तान यह समझने के लिए तैयार नहीं कि वह एक हारी हुई और निरर्थक लड़ाई लड़ रहा है ।पाकिस्तान का अंध भारत विरोध लाइलाज हो गया है। इसीलिए पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के दमन और उत्पीड़न का उल्लेख करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर को यह कहना पड़ा कि हम इस पड़ोसी देश की कट्टर मानसिकता को नहीं बदल सकते। यह सही भी है, क्योंकि आतंकी संगठनों को पालने-पोसने की अपनी नीति के चलते वह आर्थिक रूप से बदहाल है और फिर भी जम्मू-कश्मीर को अस्थिर-अशांत करने की अपनी सनक छोड़ने के लिए तैयार नहीं। इन स्थितियों में भारत को उसे सही रास्ते पर लाने के लिए कुछ नया और अलग करना होगा ।एक तो उस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाना होगा।

## आज का विचार







**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए कल का दिन जिम्मेदारी भरा रहने वाला है. परिवार के सदस्यों के साथ आप को कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा. आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे. आपकी साख व सम्मान में वृद्धि होगी. किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझ कर करना होगा.

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों को कल काई बड़ा प्रोजेक्ट मिलने से खुशी होगी. व्यापार में अच्छी सफलता मिलेगी. आपकी अधिक बोलने की आदत के कारण कार्य क्षेत्र में आपको डांट खानी पड़ सकती है. आपके बॉस आपके प्रमोशन पर रोक लगा सकते हैं.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों के मन में परस्पर सहयोग के भावना बनी रहेगी. आपकी एक दूसरे से खूब पटेगी. विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याओं को लेकर अपने गुरुजनों से बातचीत करेंगे. कार्य क्षेत्र में आप कुछ नया कर सकते हैं.

**कर्क राशि:** कर्क राशि के जातकों पर मौसम का विपरीत प्रभाव पड़ेगा. प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी. आपको किसी बात को लेकर वाद विवाद में पडने से बचना होगा. आप अपने घर की साज सज्जा व रख रखाव पर पूरा ध्यान देंगे.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातक को कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर टेंशन रहेगी. नौकरी में आपको किसी अच्छे पद के मिलने की संभावना है. आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी. अपने वैवाहिक जीवन में साथी की बातों को ध्यान देना होगा, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते हैं.

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों को कोई निर्णय बहुत ही समझदारी दिखा कर लेना होगा. आप अपने कामों में धैर्य व संयम बनाए रखें. आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातक को कुछ चुनौतियां आने से समस्याएं रहेंगी, इसलिए आप नए काम की शुरूआत थोड़ा सोच समझकर करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा. आपके बिजनेस की कोई डील फाइनल करने के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरे की आवश्यकता होगी.

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल का दिन धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है, लेकिन आप अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे. यदि कोई शारीरिक व मानसिक समस्या चल रही थी, तो वह दूर होगी.

**धनु राशि:** धनु राशि के जातकों के लिए कल का दिन किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के लिए रहेगा. आप परिवार के सदस्यों में चल रहे पुराने गिले शिकवो को दूर करेंगे, जिससे रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी. आप अपने लिए कुछ नए कपड़े, मोबाइल, लैपटॉप आदि की खरीदारी कर सकते हैं.

**मकर राशि:** मकर राशि के जातकों के लिए कल का दिन अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा. व्यावसायिक क्षेत्रो में आपको अच्छी उन्नति मिलेगी. गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याएं फिर से सिर उठाएंगी. आप अपने घर मकान आदि की खरीदारी पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे, लेकिन आपके कुछ नया करने की कोशिश अच्छी रहेगी.

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि के जातकों के लिए कल का दिन आर्थिक मामलों पर ध्यान देने के लिए रहेगा. आपको किसी नए प्रोजेक्ट के मिलने से खुशी होगी. कोई डील अटकते अटकते फाइनल हो सकती है. आपको किसी दूर रह रहे परिजन की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है. वाहन का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा.

**मीन राशि:** मीन राशि के जातकों के कामों में कुछ रुकावटे आने की संभावना है. आप किसी कानूनी मामले को लेकर भी भाग दौड़ में लगे रहेंगे. परिवार में सदस्यों में किसी वाद विवाद को लेकर आपके मन में टेंशन अधिक रहेगी. आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# दांव पर न्यायपालिका की साख, जनता कैसे करे भरोसा

> उच्चतम न्यायालय ने जस्टिस वर्मा के मामले की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की एक समिति गठित कर दी है। वह यह पता लगा रही है कि जस्टिस वर्मा के घर मिले अधजले नोट किसके थे और कहां से आए? इसकी जांच इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि जस्टिस वर्मा कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता कि अधजले नोट किसके हैं और कहां से आए?

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास में आग लगने के दौरान मिले अधजले नोटों ने एक बार फिर न्यायपालिका को कठघरे में खड़ा करने का काम किया। इस मामले से न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रश्न फिर से सतह पर आ गया है और वह व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके पहले भी कई बार उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीशों के भ्रष्टाचार के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन विडंबना यह है कि किसी भी मामले की नीर-क्षीर ढंग से जांच नहीं हो सकी और न ही आरोपित न्यायाधीश को महाभियोग के जरिये हटाया जा सका ।आम जनता उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीशों को इस निगाह से देखती है कि वे संविधान और साथ ही सामान्य जन के अधिकारों के रखवाले हैं। जब-जब न्यायाधीशों के भ्रष्टाचार का मामला सामने आता है, तब-तब आम जनता का न्यायपालिका पर से भरोसा डिगता है। समय के साथ यह धारणा आम होती जा रही है कि न्यायपालिका अपना काम सही तरह नहीं कर रही है। अदालतों से जिन लोगों का वास्ता पड़ता है, उनमें तो यह धारणा कहीं अधिक प्रबल है, क्योंकि उन्हें समय पर न्याय नहीं मिलता ।निचली अदालतों की दयनीय दशा से आम लोग कहीं अधिक अवगत हैं, जहां तारीख पर तारीख का सिलसिला कायम रहता है और लंबित मामलों की संख्या करोड़ों में है। उच्च न्यायालयों एवं उच्चतम न्यायालय के हालात भी उन लोगों से छिपे नहीं, जिनके मामले वहां चल रहे हैं। चूंकि जनता का एक छोटा प्रतिशत ही न्याय पाने के लिए



उच्चतर न्यायपालिका के दरवाजे पहुंचता है, लिहाजा शेष जनता यह मानकर चलती है कि नेताओं और नौकरशाहों के मुकाबले उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीश उसकी समस्याओं का समाधान करने में कहीं अधिक तत्पर हैं, पर अब ऐसा कहना कठिन होता जा रहा है। जस्टिस वर्मा के मामले के बाद ऐसा कहना और कठिन होगा ।उच्चतम न्यायालय ने जस्टिस वर्मा के मामले की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की एक समिति गठित कर दी है। वह यह पता लगा रही है कि जस्टिस वर्मा के घर मिले अधजले नोट किसके थे और कहां से आए? इसकी जांच इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि जस्टिस वर्मा कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता कि अधजले नोट किसके हैं और कहां से आए? वे खुद को फंसाए जाने की साजिश की ओर संकेत करते हुए यह भी कह रहे हैं कि उनके आवास के जिस आउटहाउस में आग लगी, वहां उनका या उनके परिवार के सदस्यों का आना-जाना नहीं था। उनका यह भी कहना है कि आउटहाउस में आग लगने के दौरान नोट जले, इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई ।पता नहीं सच क्या है, लेकिन इस मामले की जांच रपट शीघ्र सामने आनी चाहिए, अन्यथा पहले के मामलों की तरह यह भी लोगों की स्मृति से ओझल हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने जस्टिस वर्मा को वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है और फिलहाल उनके मामले में एफआइआर दर्ज करने की जरूरत से इन्कार कर दिया है। कोलेजियम की ओर से जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजे जाने के फैसले को लेकर कई सवाल उठे हैं ।नैतिकता का तकाजा यह कहता था कि मामले की जांच होने तक जस्टिस वर्मा को छुट्टी पर भेजा जाता। इसके बजाय उन्हें वापस उनके पैतृक हाई कोर्ट भेजा गया। हालांकि उन्हें कोई न्यायिक काम नहीं दिया जाएगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कोलेजियम के फैसले से इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन समेत अन्य उच्च न्यायालयों की बार एसोसिएशन सहमत नहीं। इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने तो जस्टिस वर्मा के शपथग्रहण समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा भी कर दी है। वैसे यह भी एक तथ्य है कि कई बार न्यायाधीश एवं वकील मिलकर ही ऐसे काम करते हैं, जिनसे तारीख पर तारीख का सिलसिला कायम होता है अथवा न्याय नहीं मिलता ।जस्टिस वर्मा के आवास में अधजले नोट मिलने के मामले में इस पर आश्चर्य होता है कि आखिर पुलिस ने इस गंभीर प्रकरण की जांच तत्काल क्यों नहीं शुरू की? इसके साथ ही सीबीआइ, ईडी जैसी एजेंसियां क्यों नहीं सक्रिय हुईं? क्या कारण रहा कि नोट जलने की घटना की भी एफआइआर दर्ज नहीं की गई? यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि ऐसे ही अधजले नोट किसी कारोबारी, नौकरशाह अथवा अन्य किसी के यहां मिलते तो क्या वैसा ही होता, जैसा जस्टिस वर्मा को लेकर हुआ? क्या तब भी पुलिस और न्यायपालिका इसी तरह व्यवहार करती? न्यायपालिका की स्थिति किसी से छिपी नहीं। सभी यह स्वीकार करते हैं कि लोगों को समय पर न्याय नहीं मिल रहा है, पर ऐसी व्यवस्था नहीं की जा पा रही है कि जिससे न्याय मिलना सुगम हो सके। इसका एक कारण यह है कि सरकार यानी कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच इस पर सामंजस्य नहीं बन पा रहा है कि लोगों को समय पर न्याय मिलना कैसे सुनिश्चित किया जाए? यदि सरकार कुछ करती है तो उसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता में दखल मान लिया जाता है और न्याय में देरी का ठीकरा भी उस पर फोड़ दिया जाता है ।एक विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों की नियुक्ति वाली कोलेजियम व्यवस्था में खामियों को तो मानता है, पर उसे बदलने के लिए तैयार नहीं। उसने कोलेजियम व्यवस्था की जगह लाई गई वैकल्पिक व्यवस्था को असंवैधानिक बता कर खारिज कर दिया था। न्याय में देरी के लिए कार्यपालिका और न्यायपालिका की ओर से एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने से किसी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है और उलटे आम जनता का नुकसान हो रहा है ।आज जब यह कहा जा रहा है कि भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा, तब इसे अनदेखा नहीं कर सकते कि विकसित राष्ट्र बनने में एक बड़ा रोड़ा न्याय में देरी है। न्याय में देरी के जो तमाम कारण हैं, उनमें एक न्यायपालिका का भ्रष्टाचार भी है। बेहतर होगा कि न्यायपालिका अपने तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन की रूपरेखा तैयार करे और उसे लेकर सरकार के साथ विचार-विमर्श करे, अन्यथा न तो उसकी साख बढ़ने वाली है और न ही लोगों को समय पर न्याय मिलने वाला है।

# सिद्ध शक्तिपीठ राज राजेश्वरी कैलादेवी मंदिर




प्राचीन ग्रन्थों में माता के प्राकट्य एवं चरित्र की अनेक कथायें आती हैं। उन्हीं ग्रन्थों में स्कन्दपुराण के 65वें अध्याय में कैलादेवी के विषय में एक लेख मिलता है। द्वापर में भीमसैन की स्तुति पर प्रसन्न होकर माँ ने कहा था ₹कालिकाल में लोक कल्याणार्थ मेरा प्रादुर्भाव होगा और मुझे 'कैलेश्वरी' नाम से जाना जायेगा। मैं उस समय अपनी 'कला' रूप में अवतरित होने से 'कैला' कहलाऊंगी₹। इस प्रकार 'कैला' भगवती का पौराणिक नाम सिद्ध होता है। राजस्थान के करौली जनपद के मुख्यालय से 25 किमी. की दूरी दक्षिण में और मध्य-प्रदेश की सीमा से लग कर बहती हुई चम्बल नदी से लगभग 30 किमी. की दूरी दक्षिण-पूर्व कैला ग्राम के समीप घोर बियावान जंगल में पर्वत श्रेणियों से घिरे त्रिकूट नामक पर्वत पर राज राजेश्वरी कैलादेवी का दिव्य मन्दिर है। इस विशाल बियावान जंगल को कैलादेवी अभयारण्य कहा जाता है। यह उत्तर भारत के सिद्ध शक्तिपीठों में से एक है। मन्दिर के नीचे पहाड़ी की तलहटी में पूर्व से पश्चिम और फिर दक्षिण की ओर धनुषाकार में एक नदी बहती है। यह नदी इसी त्रिकूट पहाड़ी से निकलती है जिसे कालीसिल (शिला) नदी कहा जाता है। लगभग सन् 1700 ई. में निर्मित कैला देवी माँ का यह सिद्ध शक्तिपीठ करौली राज्य में होने के कारण ही इन्हें करौली वाली माता भी कहा जाता है। पूर्व में इस कैलादेवी मन्दिर में केला मां का यह श्री विग्रह कब और कहाँ से आया, इसका कोई प्राचीन लिखित लेख, अभिलेख या बीजक तो मिलता नहीं। हाँ, जनश्रुति तथा वृद्धजनों के आधार पर इस सिद्धपीठ की स्थापना के विषय में जो कुछ मैया केला रानी के चमत्कारों और उत्पति की अनेकों किवदन्तियों से ज्ञात हो सकी वह इस प्रकार है कि प्राचीनकाल में बाँसीखेड़ा के पास ही एक दूसरा प्राचीन ग्राम लोहर्रा के भयानक जंगल में स्थित गिरी, कन्दराओं में एक दानव निवास करता था। दानव का आतंक के कारण संयासी एवं आमजन ग्रामवासी थर-थर कांपते थे। जिसकारण ग्रामवासियों का घरों से निकलना भी कठिन हो गया। लोहर्रा ग्राम से कुछ दूरी पर वर्तमान मन्दिर से 3 किमी दूर एक गुफा बनी हुई है जहाँ बाबा केदारगिरि, माँ भगवती की उपासना तप किया करते थे। ग्राम के वृद्धजन एकत्रित होकर बाबा के स्थान पर पहुँचे। ग्रामवासियों ने अपनी सारी व्यथा अश्रुपूरित नेत्रों से बाबा केदारगिरि को कह सुनाई तथा कहा कि हे महाराज हमें जैसे भी हो इस घोर विपदा से छुटकारा दिलवाइये। बाबा केदारगिरि ने ग्रामवासियों का आश्वासन दिया कि अपने तपोबल से माँ भगवती को प्रसन्न करके दानव का वध करने का आह्वाहन करेंगे तत्पश्चात ग्रामवासियों से विदा लेकर स्वयं हिंगलाज पर्वत पर तपस्या करने चले गए। बाबा केदारगिरि ने हिंगलाज पर्वत पर घोर तपस्या की जिससे प्रसन्न होकर मां कैलादेवी वात्सल्यपूर्ण कन्या के रूप में बाबा के समक्ष प्रकट हुई और बाबा को वरदान दिया कि वह शीघ्र ही दानव का नरसंहार करेगी। कुछ समय पश्चात देवी मां कैला ग्राम में प्रकट हुई और उस दानव का मां कैला ने एक कन्या के रूप में कालीसिन्ध नदी के तट पर वध कर दिया। वर्तमान समय में एक बडे पाषाण पर आज भी दानव के पैरों के चिन्ह तथा माताजी के चिन्ह एक शिला पर बने हुए हैं। वहाँ छोटी सी छतरी भी बनी हुई। इस स्थान का नाम आज भी दानवदह के नाम से जाना जाता है। यह दानादह वर्तमान मन्दिर से 2 कि.मी. उत्तर की ओर तथा काली सिल पर बने पुल से 500मी. पूर्व की ओर मौजूद हैं। दानव के वध के पश्चात बाबा केदारगिरी ने कैलादेवी प्रतिमा की स्थापना 1114 ई. में की थी। बाबा केदारगिरि की गुफा के पास एक बोहरा भगत की एक किवदन्ती के अनुसार वह अपनी बकरियाँ को उस दुर्गम पहाड़ियों पर चराता था। वे खैरालिया गोत्र में उत्पन्न बहोरीपुर ग्राम का वासी था। एक दिन बोहरा भगत ने देखा की उसकी बकरियां एक विशेष स्थान पर अपना दूध सृवित कर रही है इस चमत्कार ने उसे आश्चर्य में डाल दिया। धार्मिक प्रवृति के बोहरा भगत का मन ही मन भक्तिभाव से देवी मां को खूब रमता था, उसने इस स्थल की खुदाई की तो देवी मां की प्रतिमा निकली। भगत ने भक्तिपूर्वक पूजन कर ज्योति जगाई धीरे-धीरे प्रतिमा की ख्याति पूरे क्षेत्र में फैल गई। एक दिन मां कैला ने बहोरा भक्त की भक्ति से प्रसन्न होकर दर्शन दिए और मनवांछित वरदान देने के लिए कहा। भगत भला क्या कहता ? है माँ जगत्-जननी मैं यही चाहता हूँ कि हमेशा इसी तरह, मैं तुम्हारे सन्मुख खड़ा हुआ इस रूप को निहारता रहूँ, माताजी ने भक्त के वचनों को सुना और कहा। हे भक्त मेरी मूर्ति सम्मुख तेरी भी पूजा, मेरे साथ होगी। जो भक्त मनुष्य पितर-खोर से दुखी होंगे, उनके दुख को तुम्हीं दूर करोगे। यह कहकर माँ अन्तर्ध्यान हो गई। आज भी बोहरा भगत का मंदिर कैलादेवी मंदिर के मुख्य प्रांगण में स्थित है। निकटस्थ आमपीतुपुरा ग्राम के मीणा परिवार ने अपनी भक्ति से देवी को प्रसन्न किया। तभी से उसी परिवार के बंशज देवी का भाव प्रकट करके गोठिया कहलाते हैं। अधिकांश लोगो में चर्चा रहती है की माँ कैला देवी की मूर्ति का मुख एक ओर टेढ़ा क्यों है। इस बारे में भी कई किवदन्तियाँ हैं। इनमें कौनसी बात सही है, यह बताना मुश्किल है। बुजुर्ग लोगों के अनुसार आगरे का रहने वाला गोली भगतजी भी कैलादेवी का अनन्य भक्त था जो पुराने जमाने में बैलगाड़ियों के रसाले के साथ देवी भक्तों को लेकर प्रति वर्ष कैलादेवी आता था। गोली भक्त को किसी कारणवश मन्दिर में दर्शन नहीं करने दिये, इससे माँ कुपित हो गई और इसी से उनका मुख एक ओर टेढ़ा हो गया। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि माताजी का एक भक्त जाते समय माँ से कह गया था कि माँ मैं जल्दी ही लौट कर आऊँगा लेकिन वह फिर नहीं आ सका। अतः माँ का भक्त जिस दिशा में गया था, उसी ओर देखकर उस भक्त की प्रतीक्षा कर रही है। कुछ लोगों का विचार है कि मातेश्वरी ने अपना मुख चामुण्डा देवी की ओर से घुमा लिया है और वह इसलिए कि चामुण्डाजी तमोगुणी है। और वह मांस-मदिरा आदि का भक्षण करती है और माँ कैलादेवी सात्विकी, सतोगुणी हैं इसलिए वे इन चीजों का सेवन नहीं करतीं। माँ श्री कैलादेवी का यह मन्दिर अब जिस भूमि पर बना हुआ है, वह भूमि कभी गागारौन नामक किले जोकि चम्बल नदी के पार कोटा राज्य में खींची राजा श्री मुकुन्ददास के अधिकार में थी। इन्होंने श्री कैलादेवी मन्दिर से लगभग 10 किमी. दूर दक्षिण में बसे बाँसीखेरा गाँव में स्थापना बीजक सम्वत 1207 में मां चामुण्डा की मूर्ति स्थापित कर उसकी आराधना की थी। बाँसीखेरा ग्राम खण्डर रूप में परिवर्तित होने के कारण चामुण्डा मैया की यही मूर्ति बाद में सेवा-पूजा के अभाव के कारण करौली के महाराज श्री गोपालसिंह जी के द्वारा सम्वत 1708 ई. में यहाँ प्रतिष्ठित हुई। उस समय कैलादेवी का मन्दिर बहुत ही साधारण था। सम्वत 1787 में मन्दिर का निर्माण कार्य पूरा हुआ और कहते है कि उस समय इस कार्य में महाराज ने अपने जेब खर्च से दस हजार रुपये लगवाए थे बाद में अन्य परवर्ती करौली यदुवंशी शासकों द्वारा इसका व्यापक विकास होता चला आ रहा है।

# कैसे पानी हरे क्रेडिट आगे बातचीत कर सकते हैं

विजय गर्ग

वाटर ग्रीन क्रेडिट एक बाजार-आधारित तंत्र है जिसे जल संरक्षण, सतत जल प्रबंधन और पारिस्थितिकी तंत्र बहाली को प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया है। वे कार्बन क्रेडिट के समान कार्य करते हैं लेकिन पानी से संबंधित लाभों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। यहां बताया गया है कि डब्ल्यूजीसी संरक्षण के प्रयासों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं:

सतत जल उपयोग को प्रोत्साहित करना बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग करने वाली कंपनियां और उद्योग अपने पानी के पदचिह्न को ऑफसेट करने के लिए डब्ल्यूजीसी खरीद सकते हैं। यह जल-बचत प्रौद्योगिकियों, वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल उपचार में निवेश करता है। 2. । पारिस्थितिक तंत्र को बहाल करना डब्ल्यूजीसी आर्द्रभूमि बहाली, नदी पुनर्वास और वनों की कटाई जैसी परियोजनाओं को निधि दे सकते हैं, जो पानी की गुणवत्ता और जैव विविधता में सुधार करते हैं। 3। समुदायों का समर्थन करना क्रेडिट का उपयोग संरक्षित क्षेत्रों में जल पहुंच परियोजनाओं को वित्त देने के लिए किया जा सकता है, जिससे लोगों और वन्यजीवों के लिए स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। 4। प्रदूषण कम करना अपशिष्ट जल का निर्वहन करने वाले उद्योग जल शोधन और उपचार पहल को लागू करने वाले संगठनों से क्रेडिट खरीद सकते हैं। 5। कॉर्पोरेट जिम्मेदारी को बढ़ावा देना डब्ल्यूजीसी कार्यक्रमों में भाग लेने वाले व्यवसाय पर्यावरण के प्रति जागरूक निवेशकों और ग्राहकों को आकर्षित करते हुए अपनी स्थिरता साख बढ़ा सकते हैं। वाटर ग्रीन क्रेडिट में लागू करने या निवेश करने में एक संरचित बाजार बनाना शामिल है जहां जल संरक्षण, बहाली और स्थायी प्रबंधन प्रयासों का मुद्रीकरण किया जाता है। यहां बताया गया है कि आप इसे कैसे देख सकते हैं: वाटर ग्रीन क्रेडिट सिस्टम को लागू करना ए। क्रेडिट सिस्टम को परिभाषित करें वाटर ग्रीन क्रेडिट (जैसे, पानी का उपयोग कम करना, आर्द्रभूमि को बहाल करना, पानी की गुणवत्ता में सुधार) के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट मानदंड स्थापित करें। पानी की खपत या पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के लिए एक आधार रेखा निर्धारित करें, जिसके खिलाफ सुधार मापा जाता है। बी एक सत्यापन और प्रमाणन प्रक्रिया बनाएं क्रेडिट को सत्यापित और प्रमाणित करने के लिए पर्यावरण संगठनों, गैर सरकारी संगठनों या सरकारी एजेंसियों के साथ भागीदार। जल संरक्षण प्रयासों को ट्रैक करने के लिए रिमोट सेंसिंग, फील्ड मॉनिटरिंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करें।

सी। ट्रेडिंग क्रेडिट के लिए एक बाजार विकसित करें एक डिजिटल प्लेटफॉर्म सेट करें जहां कंपनियां, सरकारें और निवेशक डब्ल्यूजीसी खरीद और बेच सकते हैं। स्थिरता विभागों में डब्ल्यूजीसी को एकीकृत करने के लिए वित्तीय संस्थानों के साथ काम करें। डी उद्योगों और सरकारों के साथ भागीदार अपने जल पदचिह्न को ऑफसेट करने के लिए डब्ल्यूजीसी को अपनाने के लिए उद्योगों (कृषि, विनिर्माण, ऊर्जा) को प्रोत्साहित करें। क्रेडिट की मांग को चलाने के लिए नियामक सहायता और प्रोत्साहन के लिए अधिवक्ता। ई. स्थानीय समुदायों को संलग्न करें स्थानीय किसानों, व्यवसायों और नगरपालिकाओं के सहयोग से जल संरक्षण परियोजनाओं का विकास करना। सुनिश्चित करें कि लाभ पानी की कमी या प्रदूषण से सीधे प्रभावित लोगों तक पहुंचें। 2.। वाटर ग्रीन क्रेडिट में निवेश करना ए। उच्च प्रभाव परियोजनाओं की पहचान करें स्थायी सिंचाई, आर्द्रभूमि बहाली और स्वच्छ जल पहुंच पर केंद्रित परियोजनाओं की तलाश करें। दीर्घकालिक पर्यावरणीय और वित्तीय लाभों का आकलन करें। बी विश्वसनीय प्लेटफॉर्म या फंड चुनें प्रमाणित कार्बन और जल क्रेडिट एक्सचेंजों के माध्यम से निवेश करें।

# ईद से पहले बीड की मस्जिद में ब्लास्ट, मचा हड़कंप, इलाके में तनाव के बाद फोर्स तैनात

- बीड में मस्जिद में धमाका, कोई हताहत नहीं हुआ
- दो लोगों को धमाके के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया।
- गांव में तनाव की स्थिति, सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बीड : महाराष्ट्र के बीड जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है।यहां ईद से एक दिन पहले एक मस्जिद में धमाका हुआ है। धमाका मस्जिद में रखी गईं जेलेटिन की छड़ों से हुआ है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि मस्जिद गेवराई तहसील के अर्ध मसला गांव में है। इस घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ।इसने कहा कि इस विस्फोट से इमारत का अंदरूनी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।आयुर्वेदिक इलाज से शुगर कंट्रोल करें, फ्री परामर्श बुक करें अधिकारियों ने कहा कि इस सिलसिले में दो लोगों को पकड़ा गया है। घटना के कारण गांव में तनाव की स्थिति है। अधिकारियों ने कहा कि गांव में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।तड़के 4 बजे हुए धमाके अधिकारियों ने बताया कि एक व्यक्ति मस्जिद के पिछले हिस्से से घुसा और कथित रूप से उसने वहां जिलेटिन की कुछ छड़ें रख दीं जिनसे विस्फोट हो गया। गांव के मुखिया ने रविवार तड़के करीब चार बजे तलवाडा पुलिस को इस घटना की सूचना दी। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के कारण मस्जिद का अंदरूनी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दो लोगों को पकड़ा गयाघटना की सूचना मिलने के बाद बीड के पुलिस अधीक्षक नवनीत कांवट और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# मुंबई-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा, पालघर में तेल टैंकर पुल से गिरा, मचा हड़कंप

**मुंबई-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर एक तेल टैंकर फ्लाईओवर से सीधे नीचे गिर गया। इससे भयानक दुर्घटना हुई। यह घटना एक्सप्रेसवे पर मस्तान नाका इलाके में घटी। दुर्घटना के बाद इस टैंकर से भारी मात्रा में तेल का रिसाव होने लगा। इससे लोगों में डर का माहौल पैदा हो गया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पालघरः मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाइवे पर तेल से भरा एक टैंकर मुंबई से गुजरात की ओर जा रहा था। नेशनल हाइवे पर मस्तान नाका फ्लाईओवर पर चालक टैंकर पर से नियंत्रण खो बैठा और बेकाबू टैंकर फ्लाईओवर के किनारे से टकराकर पंद्रह से बीस फीट की ऊंचाई से सीधे पुल के नीचे जा गिरा। सौभाग्य से जिस समय टैंकर गिरा। उस समय फ्लाईओवर के नीचे कोई वाहन या शख्स नहीं था, इसलिए एक बड़ी दुर्घटना टल गई। यह भीषण दुर्घटना रविवार शाम करीब पांच बजे घटी।

## सड़क पर फैला तेल

एक तेल टैंकर के फ्लाईओवर से गिर जाने के बाद 30,000 लीटर के टैंकर से तेल का रिसाव शुरू हो गया। परिणामस्वरूप तेल पूरे क्षेत्र में सड़क पर फैल गया। तेल रिसाव से क्षेत्र के निवासियों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दुर्घटना में टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें दुर्घटनाग्रस्त टैंकर से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, जानकारी मिली है कि टैंकर चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने ट्रैफिक कराया बंदजैसे ही टैंकर से तेल लीक होना शुरू हुआ और पूरे क्षेत्र में फैल गया। पुलिस ने एहतियात के तौर पर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। पुलिस ने इलाके में मौजूद भीड़ को हटाकर पूरे इलाके को खाली करा लिया। इसी तरह फ्लाईओवर के नीचे गुजरात रोड पर भी ट्रैफिक बंद कर दिया गया। पुलिस सहित लोगों ने राहत की सांस ली। क्योंकि टैंकर में भरा कच्चा तेल ज्वलनशील नहीं था। दो क्रेनों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को सड़क से हटाया गया और ट्रैफिक बहाल किया गया।

फास्ट ट्रैक

# चैत्र नवरात्र, हिंदू नववर्ष आगाज और गुड़ी पड़वा पर मुंबई-महाराष्ट्र में खूब बिके वाहन, टूटा पिछले साल का रिकॉर्ड

- महाराष्ट्र में गुढीपाडवा के मौके पर खूब बिके वाहन
- शुभ अवसर पर 86,814 वाहनों का पंजीकरण हुआ
- पिछले वर्ष की तुलना में 30% अधिक पंजीकरण



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत पूरे राज्य में गुड़ी पड़वा से चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष की शुरूआत पर रिकॉर्ड पर वाहनों की बिक्री हुई। राज्य सरकार तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र में गुढीपाडवा के अवसर पर पिछले 7 दिनों में बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और अन्य वाहनों की नई खरीद का पंजीकरण किया गया है। 2024 की तुलना में इस वर्ष वाहनों के पंजीकरण में 30 फीसदी की वृद्धि हुई है गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर कई नागरिक नए वाहन खरीदते हैं, और इन वाहनों का पंजीकरण संबंधित क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों के तहत किया जाता है। नागरिकों में वाहन खरीदने का उत्साह देखा गया, जिसके कारण इस वर्ष वाहन पंजीकरण में 30 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में 20,057 अधिक वाहन खरीदे गए हैं।

## राज्य में बना नया रिकॉर्ड

चार पहिया कार श्रेणी में, 2025 में 22,081 वाहनों का पंजीकरण हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4,942 अधिक है। यह 28.84% की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह, मोटरसाइकिल और स्कूटर सहित दोपहिया वाहन श्रेणी में, 2025 में नागरिकों द्वारा 51,756 नए वाहन खरीदे गए हैं। पिछले वर्ष यह संख्या 40,675 थी। इसमें 11,081 की वृद्धि हुई है

जो 27.14% अधिक पंजीकरण को दशार्ती है। राज्य में सबसे अधिक वाहन पंजीकरण पांच प्रमुख परिवहन कार्यालयों के तहत हुआ। इनमें पुणे परिवहन कार्यालय में 11,056 पंजीकरण, पिंपरी-चिंचवड़ परिवहन कार्यालय में 6,648, नासिक में 3,626, मुंबई (मध्य) परिवहन कार्यालय में 3,154, और ठाणे परिवहन कार्यालय में 3,107 वाहन पंजीकरण किए गए, यह जानकारी परिवहन विभाग द्वारा दी गई।

## पीएम मोदी ने भी दी बधाई

चैत्र नवतरात्र के मौके पर महाराष्ट्र के नागपुर के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने भी लोगों को गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दी। पीए मोदी ने मराठी भाषा में ही लोगों नववर्ष की शुभकामना दी। पीएम मोदी आरएसएस मुख्यालय में डॉ हेडगेवार और गुरुजी को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद दीक्षाभूमि गए थे। इसके बाद वे माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस मौके पर जब पीएम मोदी ने मराठी में बधाई दी तो सभास्थल तालियों से गूंज उठा था। महाराष्ट्र में नववर्ष की शुरूआत गुड़ी पड़वा से होती है।

# प्रधानमंत्री मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई और 4 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया गया, कुल लागत 2,695 करोड़

## अभनपुर रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा (व्हाया-मंदिर हसौद) का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




बिलासपुर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 4 महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिनकी कुल लागत 2,695 करोड़ है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहभट्टा, बिलासपुर स्थित कार्यक्रम स्थल से अभनपुरझ्ररायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं राज्य में रेल परिवहन को और मजबूत करेंगी, जिससे यात्री एवं माल परिवहन को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

आधारशिला रखी गई 7 रेलवे परियोजनाएंः

1. खरसिया-झाराडीह (पांचवी लाइन) 6 किमी (लागतः 80 करोड़)
2. सरगबुंदिया-मड़वारानी (तीसरी एवं चौथी लाइन) 12 किमी (लागतः 168 करोड़)
3. दाधापारा-बिल्हा-दगोरी (चौथी लाइन) 16 किमी (लागतः 256 करोड़)
4. निपनिया-भाटापारा-हथबंद (चौथी लाइन) 23 किमी (लागतः 347 करोड़)
5. भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन) 12 किमी (लागतः 233 करोड़)
6. राजनांदगांव-डोंगरगढ़ (चौथी लाइन) 31 किमी (लागतः 328 करोड़)
7. करगी रोड-सल्का रोड (तीसरी लाइन) 8 किमी (लागतः 95 करोड़)

राष्ट्र को समर्पित की गई रेलवे परियोजनाएंः

1. राजनांदगांव-बोरतलाव (तीसरी लाइन) 48 किमी (लागतः 747 करोड़)
2. नई रेल लाइन मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर 26 किमी (लागतः 353 करोड़)
3. दुर्ग-रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग) 37 रेल किमी (लागतः 88 करोड़)
4. छत्तीसगढ़ राज्य में शत-प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण

मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभः

अभनपुर-रायपुर (व्हाया-मंदिर हसौद) मेमू ट्रेन सेवा

परियोजनाओं के प्रमुख लाभः

नया रायपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटीः अभनपुर, रायपुर, और मंदिर हसौद के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रालय और सचिवालय जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए समय और धन की बचत करेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी।

यात्रियों के लिए तेज और सुविधाजनक यात्राः नई रेलवे लाइनों और अतिरिक्त ट्रैकों के निर्माण से ट्रेन की गति बढ़ेगी, जिससे यात्रा अधिक तेज और सुगम होगी।

रेल यातायात में सुधारः तीसरी, चौथी और पाँचवीं लाइन की परियोजनाएं ट्रेन संचालन क्षमता को बढ़ाएंगी, जिससे ट्रेनों की समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

माल परिवहन को बढ़ावाः औद्योगिक रेलवे मार्गों के उन्नयन से कोयला, इस्पात और अन्य सामानों का परिवहन तेज और किफायती होगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

नए राजधानी क्षेत्र के लिए बेहतर कनेक्टिविटीः अभनपुर-केन्द्री-मंदिर हसौद रेलवे लाइन नया रायपुर को रेलवे नेटवर्क से सीधे जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

ये परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाएंगी, माल और यात्री परिवहन की गति बढ़ाएंगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# मस्जिद में विस्फोट से फिर दहल उठा बीड! मुख्यमंत्री ने दी अहम जानकारी, उन्होंने पूछा, 'आरोपी कौन है?'

- मस्जिद विस्फोट मामले में सरकार के पास महत्वपूर्ण जानकारी
- मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर बैंक घोटाले का आरोप लगाया
- फडणवीस ने प्रधानमंत्री मोदी से नागपुर के विकास पर चर्चा की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई- महाराष्ट्र में बीड जिले के अर्ध मसला गांव की एक मस्जिद में हुए विस्फोट के संबंध में सरकार के पास महत्वपूर्ण जानकारी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया है कि इस मामले में आरोपियों की पहचान जल्द ही उजागर की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बीड के पुलिस अधीक्षक जल्द ही इस संबंध में पूरी जानकारी देंगे। घटना के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सरकार के पास सबूत और जानकारी उपलब्ध है और जांच के बाद पूरी सच्चाई जनता के सामने आ जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागपुर सहकारी बैंक घोटाले की आलोचनामुख्यमंत्री ने नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक घोटाले पर भी टिप्पणी की। उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस नेताओं पर इस बैंक को दिवालिया बनाने का आरोप लगाया। फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के कुप्रबंधन के कारण यह बैंक बंद हो गया था। हालांकि, हमने एक संस्थागत प्रशासक नियुक्त करके इस बैंक को पुनर्जीवित करने का काम शुरू कर दिया है। एमएससी बैंक अगले तीन सालों में इस बैंक का पुनर्निर्माण करेगा। कांग्रेस की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि इस घोटाले के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि, वर्तमान सरकार ने बैंक को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस के बीच संबंधप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर दौरे के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे हैं

# मुंबई में जन्नत की सैर! शहर का पहला एलिवेटेड नेचर ट्रेल वॉकवे खुला

**मुंबई का पहला एलिवेटेड नेचर ट्रेल वॉकवे रविवार को मुंबई वासियों के लिए खोल दिया गया। यह वॉकवे दक्षिण मुंबई के कमला नेहरू पार्क से शुरू होकर मालाबार हिल के जंगलों से होते हुए गिरगांव चौपाटी तक जाता है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः मुंबई का पहला एलिवेटेड नेचर ट्रेल वॉकवे रविवार को मुंबई वासियों के लिए खोल दिया गया। यह वॉकवे दक्षिण मुंबई के कमला नेहरू पार्क से शुरू होकर मालाबार हिल के जंगलों से होते हुए गिरगांव चौपाटी तक जाता है। वॉकवे का अंतिम हिस्सा पर्यटकों को अरब सागर के नजारे का आनंद लेने का अवसर प्रदान करेगा। आम लोगों के लिए टिकट की कीमत 25 रुपये होगी, जबकि विदेशी पर्यटकों के लिए यह 100 रुपये तय की गई है। इस परियोजना का निर्माण बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन (बीएमसी) ने किया है और यह सिंगापुर में विकसित ट्री टॉप वॉक के समान मुंबई में पहली बार विकसित किया गया है।मालाबार हिल में शहर का पहला एलिवेटेड नेचर वॉक का उद्घाटन रविवार को सुबह 9 बजे स्थानीय विधायक और मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने किया। 485 मीटर की लंबाई में फैले इस एलिवेटेड ट्रेल में समुद्र का नजारा देखने के लिए डेक भी है।मुंबई का पहला एलिवेटेड नेचर ट्रेल वॉकवे दक्षिण मुंबई के कमला नेहरू पार्क से शुरू होकर मालाबार हिल के जंगलों से होते हुए गिरगांव चौपाटी तक जाता है। 485 मीटर की लंबाई में फैले इस एलिवेटेड ट्रेल में समुद्र का नजारा देखने के लिए डेक भी है।मुंबई के पहले एलिवेटेड नेचर ट्रेल वॉकवे का किराया कम रखा गया है। आम लोगों के लिए टिकट की कीमत 25 रुपये होगी, जबकि विदेशी पर्यटकों के लिए यह 100 रुपये तय की गई है।

# रांची जा रही 16 साल की छात्रा का मुंबई एयरपोर्ट के टॉइलट में प्रसव, कूड़े में नवजात को फेंक फ्लाइट से निकल गई

**☞ मुंबई टी-2 एयरपोर्ट पर 25 मार्च को कचरे के डिब्बे में नवजात शिशु की लाश मिलने का मामला सामने आया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने 16 वर्षीय गर्भवती छात्रा और उसकी मां से पूछताछ की। दोनों रांची जाने वाली थी जब छात्रा का एयरपोर्ट पर प्रसव हुआ।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- मुंबई एयरपोर्ट पर नवजात शिशु की लाश मिली
- 16 वर्षीय छात्रा ने टॉइलट में दिया बच्चे को जन्म
- मुंबई से रांची जा रही थीं मां-बेटी, फेंका नवजात



मुंबई : टी-2 इंटरनैशनल हवाई अड्डे पर कचरे के डिब्बे में 25 मार्च कोएक नवजात शिशु की लाश मिली। यह लाश मिलने के बाद हड़कंप मच गया। एयरपोर्ट जैसे सुरक्षा से लैस परिसर में इस तरह की वारदात ने हड़कंप मचा दिया। सहार पुलिस जांच में जुटी और इस गुत्थी को सुलझा लिया। इसे पुलिस ने हवाईअड्डा परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से सुलझाया है। मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नवजात शिशु की मां एक 16 वर्षीय कॉलेज छात्रा है। वह पालघर की रहने वाली है। छात्रा 7 महीने की गर्भवती थी। सूत्रों ने बताया कि छात्रा का अपने बॉयफ्रेंड के साथ संबंध था, जिसके बाद वह गर्भवती हो गई। उसने अपने परिवार से यह बात छिपाई थी।

## पालघर की रहने वाली है छात्रा

छात्रा के गर्भवती होने की बात जब उसकी मां को पता चली तो वह हैरान हो गईं। तब तक देर हो चुकी थी। उनके पास सिर्फ डिलीवरी करवाना ही एक चारा बचा थी। पालघर में या मुंबई में यह प्रसव होता तो सबको पता चल जाता। बदनामी से बचने के लिए उन्होंने एक प्लान बनाया। उन्होंने रांची जाकर डिलीवरी करवाने की सोची।

## एयरपोर्ट से जा रहीं थीं रांची

25 मार्च को छात्रा और उसकी मां की मुंबई एयरपोर्ट से फ्लाइट थी। दोनों यहां पहुंचीं लेकिन यहां छात्रा के पेट में अचानक दर्द होने लगा। वे टॉइलट में गईं। यहां छात्रा का प्रसव हो गया। आरोप है कि रांची के लिए उड़ान भरने से एक घंटे पहले छात्रा की मां ने नवजात को कचरे के डिब्बे में फेंक दिया।

## दो दिन पहले फिसलकर गिरी थी युवती

इस मामले में नाबालिग की मां ने बयान दिया है कि उसे पता था कि बेटी 7 महीने की गर्भवती है। उसे रांची जाने से दो दिन पहले घर में फिसल कर गिर जाने के कारण प्रसव पीड़ा हुई थी। छात्रा नाबालिग है, इसलिए सहार पुलिस ने उसके बयान के आधार पर उसके दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की आगे की जांच पालघर पुलिस करेगी।

## सीसीटीवी से मिला सुराग

पुलिस के अनुसार, एयरपोर्ट पर लगे सीसीटीवी की जांच में पता चला कि रांची जाने वाले विमान में सवार होने से पहले लड़की बेचैनी महसूस कर रही है।

# महामाया मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

## 40 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, 150 सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



गाजियाबाद, मोदीनगर के सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र का आगाज हो गया है। रविवार को पहले नवरात्र पर सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। मंदिर के मुख्य पुजारी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाना शुरू किया। पहले दिन ही 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए। 11 हजार से अधिक श्रद्धालु जोत भी ले गए हैं। मंदिर प्रशासन को इस बार 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। यूपी, दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा से बड़ी संख्या में भक्त यहां आते हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर में 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश के अनुसार, मंदिर परिसर के आसपास 800 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। एक पीएसी कंपनी को भी अलर्ट पर रखा गया है। कुछ पुलिसकर्मी सादी वर्दी में भी तैनात किए गए हैं। उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा सिंह और एसीपी ने मंदिर का निरीक्षण किया। मेले का उद्घाटन सांसद राजकुमार सांगवान, विधायक मंजू शिवाच और जिलाधिकारी दीपक मीणा करेंगे। नगर पालिका परिषद मेले की व्यवस्था देख रही है। सप्तमी से नवमी तक सबसे अधिक भीड़ रहने की संभावना है।

# बेगमपुल में दुकानों में लगी भीषण आग

## राजकीय विद्यालय के पास 20 खोखों में से एक दर्जन जले, 3 घंटे में पाया काबू

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मेरठ, बेगमपुल स्थित राजकीय विद्यालय के पास एक दर्जन से अधिक खोखों में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आए खोखों में कपड़े की दुकानें, ढाबा और कुछ कार्यालय थे। सुबह दो खोखों से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने दुकान मालिकों को सूचित किया। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड की टीम ने लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक एक दर्जन खोखे जलकर राख हो चुके थे। व्यापारियों के अनुसार आग से लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। हालांकि अभी तक नुकसान का सटीक आकलन नहीं किया गया है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।



# शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर ठगी

## इंजीनियर से 97 लाख की ठगी करने वाला साइबर ठग दिल्ली से गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नोएडा, साइबर क्राइम पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर बड़ी ठगी करने वाले आरोपी को दिल्ली के रोहिणी से गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्सव कालरा ने एक इंजीनियर को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर 97.44 लाख रुपये की ठगी की थी। डीसीपी साइबर प्रीति यादव के अनुसार, सेक्टर 75 के रहने वाले पीड़ित इंजीनियर ने 20 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी ने ऑनलाइन ट्रेडिंग और स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर उनके खाते से पैसे निकाल लिए थे। पुलिस ने मामले में धारा 419, 420 भादवि और 66 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। जांच के दौरान धारा 467, 468, 471, 120बी भादवि और 66डी आईटी एक्ट की भी बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने अब तक पीड़ित के 8,04,633 रुपये वापस करा दिए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी बैंक खाते खुलवाता था। वह कमीशन लेकर ये खाते दुबई के अपराधियों को भी देता था। आरोपी के हवाला कारोबार से जुड़े होने की भी जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। यह अपराधी शातिर किस्म का साइबर अपराधी है। जिसके विरूद्ध अन्य थानों पर भी अभियोग पंजीकृत है। इस प्रकरण में 8,04,633 रुपये वादी मुकदमा के वापस कराये जा चुके है। शेष को वापस कराये जाने की प्रक्रिया प्रचलित है। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की तलाश जारी है।

# अर्पण फाउंडेशन ने नववर्ष स्वागत के लिए निकाली महिला बाइक रैली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , भाजपा के पूर्व नगर सेवक नेता मनोहर डुंबरे और अर्पण फाउंडेशन' की अध्यक्ष भावना डुंबरे ने हिंदू नव वर्ष का हर्षोल्लास के साथ स्वागत करने के लिए न्यू रीजेंसी चौक, टफेर्पाड़ा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही नववर्ष की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव मनाकर रंगोली प्रतियोगिता के साथ महिलाओं की बाइक रैली निकाली गयी। मनोहर डुंबरे और भावना डुंबरे की ओर से 'अर्पण फाउंडेशन' के माध्यम से हीरानंदानी एस्टेट, पाटलिपाड़ा, ब्रह्मांड, कोलशेत क्षेत्रों में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल कार्यक्रम चलाए जाते हैं। नए साल की पूर्व संध्या पर न्यू रीजेंसी चौक, महाराणा प्रताप चौक और हीरानंदानी अर्काडिया चौक पर लाइटिंग सेलिब्रेशन कर नए साल का स्वागत किया गया।गुड़ी पड़वा के अवसर पर न्यू रीजेंसी चौक, महाराणा प्रताप चौक और हीरानंदानी अर्काडिया चौक पर रंगोली बनाकर गुड़ी बनाई गई। न्यू रिजेंसी चौक पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में कई महिलाओं ने हिस्सा लिया। इसके बाद लाज़िम टीम के साथ निकले जुलूस को नागरिकों का सहज समर्थन मिला। अनुभा सहाय के संयोजन में आयोजित बाइक रैली में कई महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम का समापन श्री शिव मंदिर में महाआरती करके किया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर एक जीवंत माहौल बना हुआ था।

# अंबरनाथ के बांगड़ी गली बाजार परिसर में रविवार को सार्वजनिक स्वच्छतागृह का लोकार्पण किया गया

## सार्वजनिक स्वच्छतागृह का लोकार्पण पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुलभाई शेख ने किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ पश्चिम स्थित अपना बाजार बांगड़ी गली में रविवार 30 मार्च को गुड़ी पाड़वा के शुभ अवसर पर नवनिर्मित सार्वजनिक स्वच्छतागृह का लोकार्पण समारोह सम्पन्न हुआ। सार्वजनिक स्वच्छतागृह का लोकार्पण अंबरनाथ नगरपालिका के पूर्व उप नगराध्यक्ष और शिवसेना के वरिष्ठ नेता अब्दुलभाई शेख के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

बताते चले कि अपना मार्केट व्यापारी संगठन के पदाधिकारी और व्यापारियों ने जर्जर अवस्था में पहुंच चुके पुराने सार्वजनिक स्वच्छतागृह की समस्या को लेकर पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुलभाई शेख से मुलाकात की थी और इस दिशा में कार्य करने का उनसे अनुरोध किया था। अब्दुल भाई शेख ने व्यापारी संगठन, व्यापारियों तथा दुकानदारों की की बात को संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से अंबरनाथ नपा के अधिकारियों के संज्ञान में यह बात लाकर इस नए सार्वजनिक स्वच्छतागृह का अल्पावधि में निर्माण कर उल्लेखनीय कार्य किया। लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर अब्दुल भाई शेख ने कहा कि अपना मार्केट व्यापारी संगठन की तरफ से तीन महीने पहले इस सार्वजनिक स्वच्छतागृह की मांग की गई थी जिसे नपा के सहयोग से अल्पावधि में ही बनवा कर आज इसका लोकार्पण कर दिया गया है। इस सार्वजनिक स्वच्छतागृह के बनने से दुकानदारों, बाजार आने वाले नागरिकों को यह अतिआवश्यक सुविधा प्राप्त हो गई है।

अंबरनाथ व्यापारी संगठन, अपना मार्केट व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों, व्यापारियों, दुकानदारों आदि ने इस कार्य के लिए पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुलभाई शेख को धन्यवाद प्रस्तुत किया।

फास्ट ट्रैक

# ब्रह्माकुमारी संस्थान के कार्यक्रम का समापन

## 9 दिन तक चला, सकारात्मक सोच पर दिया जोर, तनाव मुक्त जीवन का दिया संदेश




मिजार्पुर, प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित 'अलविदा तनाव' कार्यक्रम का समापन हुआ। महुवरिया स्थित राजकीय इंटर कालेज में आयोजित इस 9 दिवसीय कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश अरविंद मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूनम ने ईश्वरीय महावाक्य (ज्ञान मुरली) का वाचन किया। उन्होंने कहा कि चिंतन का प्रभाव पूरे जीवन पर पड़ता है। इसलिए सकारात्मक सोच को अपनाना जरूरी है। उन्होंने अशरीरी बनने का अभ्यास करने पर जोर दिया। पूनम ने बताया कि सुबह का समय मन को सकारात्मक विचारों से भरने के लिए सबसे उपयुक्त होता है। उन्होंने सभी को हर घंटे एक मिनट का मेडिटेशन करने की सलाह दी। इससे आत्मिक स्थिति मजबूत होती है। समापन समारोह में अपर जिला जज विनय आर्य, आरएसएस काशी प्रांत संघ चालक अंगराज सिंह और गायत्री परिवार के रमाशंकर द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समापन के दौरान हजारों रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। जिला प्रभारी बिंदु ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रदीप ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# हनुमान मंदिर में चोरी

## चोरों ने इन्वर्टर, बैटरी और चांदी के सामान समेत कई घंटे चुराया



मिर्जापुर, अदलहाट थाना क्षेत्र में एक हनुमान मंदिर से चोरी का मामला सामने आया है। अगरसण्ड-रुपौधा मार्ग पर स्थित इस मंदिर में शनिवार की रात चोरों ने धावा बोला। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर इन्वर्टर और बैटरी के साथ चांदी का मुकुट, गिलास, प्लेट और चम्मच चुरा लिए। इतना ही नहीं, मंदिर के बरामदे में लगे घंटे और पास में स्थित मां शीतला मंदिर की चार घंटियां भी गायब हो गईं। मंदिर के पुजारी विकास तिवारी ने बताया कि जब वे मंदिर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर पहुंच गए। पुजारी ने पीआरवी को सूचना दी। मौके पर एसआई योगेन्द्र प्रताप सिंह भी पहुंचे। पुजारी ने बताया कि मंदिर में हर दिन कीर्तन और भजन होते हैं। शनिवार को भी रात 9 बजे तक गांव के लोग मंदिर में मौजूद थे। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है।

# नववर्ष स्वागत यात्रा में जिला परिषद के चित्ररथ को सहज प्रतिक्रिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे, श्री कौपीनेश्वर सांस्कृतिक ट्रस्ट, ठाणे द्वारा आयोजित नववर्ष स्वागत यात्रा में जिला परिषद, ठाणे के माध्यम से चित्ररथ प्रदर्शन कर पहली बार भागीदारी दर्ज की गई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में इस स्वागत यात्रा में ठाणे जिला परिषद की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाला चित्ररथ तैयार किया गया था। इस तस्वीर पर नागरिकों ने सहज प्रतिक्रिया दी और जिला परिषद, ठाणे के तहत लागू योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह इस यात्रा का 25 वां वर्ष है, इसलिए इस वर्ष की यात्रा में 'संस्कृति महाकुंभ' देखने को मिला और जिला परिषद सहित विभिन्न संस्थानों, कॉलेजों और स्कूलों ने भाग लिया। 50 प्रतिशत सब्सिडी पर संकर गायों, भैंसों का आवंटन, एसटी, एसटी, गरीबी रेखा के तहत प्रसूता महिलाओं को रियायती मजदूरी, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर कृषि स्वावलंबन योजना, बिरसा मुंडा कृषि क्रांति योजना, गर्भवती स्तनपान कराने वाली माताओं को पूरक आहार , कुपोषित बच्चों, गर्भवती स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए विशेष आहार, उच्च और तकनीकी शिक्षा के लिए विकलांग छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। स्वागत यात्रा श्री. कौपिनेश्वर मंदिर - रंगो बापूजी गुप्ते चौक जाँभली नाका , श्री गजानन महाराज चौक - तीन पेट्रोल पंप - हरिनिवास सर्कल - नौपाड़ा पुलिस स्टेशन - टेलीफोन एक्सचेंज चौक - गोखले रोड - स्वीट कॉर्नर - राम मारुति रोड - पू ना गाडगिल ज्वैलर्स - तलावपाली - चित्ररथ आदि मार्ग से चित्ररथ निकला। जिसके माध्यम से जिला परिषद की विभिन्न योजनाओं से नागरिकों को अवगत कराने के उद्देश्य से चित्ररथ तैयार किया गया है। श्री कौपीनेश्वर सांस्कृतिक ट्रस्ट, ठाणे द्वारा आयोजित नववर्ष स्वागत यात्रा में नागरिकों के समग्र विकास के लिए जिला परिषद में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिला परिषद की भागीदारी महत्वपूर्ण रही। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसपीए) अविनाश फड़तरे ने बताया कि चित्ररथ की चर्चा जिले में हर जगह चल रही है क्योंकि नागरिकों ने भी अच्छी प्रतिक्रिया दी है इस अवसर पर जिला परिषद की जनसम्पर्क अधिकारी रेशमा अरोटे सहित जिला परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस तस्वीर पर नागरिकों ने सहज प्रतिक्रिया दी।

# बदलापुर में भंगार की दुकान में भीषण आग! जनहानि और बड़े आर्थिक नुकसान से राहत



## भंगार की दुकान अनधिकृत बताई जा रही है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर. रविवार की शाम को बदलापुर में पनवेल रिंग रूट रोड के किनारे एक आवासीय परिसर के पास स्थित एक भंगार (कबाड़) की दुकान में आग लगने की घटना सामने आई है। राहत वाली बात यह है कि इस अग्निकांड से किसी भयंकर आर्थिक नुकसान और जनहानि की खबर नहीं है। बताते चले कि बदलापुर पूर्व के पनवेल रिंग रूट के निकट कई बड़े आवासीय परिसर बने हुए हैं। इसी परिसर में रविवार की शाम को एक कबाड़ी की दुकान में आग लग गई। आग लगने से परिसर में हड़कंप मच गया।परिसर के निवासियों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को इस अग्निकांड की सूचना दी। अग्निशमन दल ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण किया। इस घटना से परिसर के लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया और लोगों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि इस घटना से किसी प्रकार का बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह भंगार की दुकान अनाधिकृत बताई जा रही है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और सदा मामा पाटिल प्रतिष्ठान की ओर से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

## शनिवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन गैबन शाह वली दरगाह परिसर में किया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अंबरनाथ. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट और सदा मामा पाटिल प्रतिष्ठान के सौजन्य से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शनिवार 29 मार्च को गैबन शाह वली दरगाह परिसर में मुस्लिम भाइयों के लिए रोजा इफ्तार पार्टी और मुस्लिम धर्मगुरुओं तथा अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रवादी पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने हजरत गैबन शाह वली की बारगाह में जियारत की और देश में अमन चैन के लिए दुआ की गई। इस अवसर पर सदाशिव पाटिल रोजा इफ्तार पार्टी में अंबरनाथ राष्ट्रवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष सदाशिव पाटिल, महिला शहर अध्यक्ष पूनम शेलार, पूर्व नगरसेवक सचिन पाटिल, अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के सदर हाजी सलीम चौधरी, कार्याध्यक्ष आरिफ काजी आदि लोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पीड़ित सरोज परिवार को अपना दल नेता प्रज्ञा कुमार सिंह ने की आर्थिक मदद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रतापगढ़ ( युनिस खान ) अपना दल (एस) व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव और क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी प्रज्ञा कुमार सिंह, अपना दल जिलाध्यक्ष राज कुमार पटेल के साथ बांसी आधार गंज रानीगंज पीड़ित सरोज परिवार के घर पहुंचकर आर्थिक मदद किया। उन्होंने कहा पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और अपना दल (एस) पीड़ित परिवार के साथ है। गायत्री गंगा ग्रुप के एम डी प्रज्ञा कुमार सिंह ने कहा कि अपना दल (एस) हमेशा गरीब, जरूरतमंद और शोषित पीड़ित समाज के साथ खड़ा है। इस दौरान साथ में जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल के साथ साथ मुख्य रूप से जिला महासचिव संजय राज पटेल , महासचिव ज्ञानेंद्र पटेल , जिला पंचायत सदस्य प्रमोद पटेल , प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच जितेंद्र पटेल , प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच मुस्ताक अहमद ,विश्वनाथगंज विधानसभा अध्यक्ष श्री राम वर्मा ,विधानसभा अध्यक्ष रानीगंज चंद्रभान पटेल जी ,विकास पटेल जी, विधायक प्रतिनिधि रविंद्र पटेल ,विपिन वर्मा ,विजय पटेल , अधिवक्ता सत्येंद्र प्रताप सिंह पटेल , वीरेंद्र राजू , अंकित पटेल , संजय पटेल , आशीष संतोष पटेल , घनश्याम पटेल , राजबहादुर पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब, फ्यूचस कंपनी और नासीओह इंडिया की तरफ से दिव्यांगजनों को व्हील चेयर वितरित किए गए।

## पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुलभाई शेख की उपस्थिति में दिव्यांगों को व्हीलचेयर और संबंधित सामग्री प्रदान की गई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. शनिवार 29 मार्च को अंबरनाथ नगरपालिका परिसर में रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे मिड टाऊन, फ्यूचस लुब्रिकेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और नासीओह इंडिया की तरफ से लगभग 150 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर और अन्य सामग्री का वितरण किया गया। अंबरनाथ नपा के पूर्व उप नगराध्यक्ष व शिवसेना के वरिष्ठ नेता अब्दुल भाई शेख, रोटेरियन कार्सी लू, गोपाल कपाड़िया, फ्यूचस कंपनी के प्रवीण बोराडे, किरण नलावडे, भगवान जाधव, संभाजी ब्रिगेड के शहर अध्यक्ष सुनील अहीरे आदि लोगों की उपस्थिति में शहर के दिव्यांग लोगों को व्हीलचेयर वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुलभाई शेख ने फ्यूचस कंपनी, रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे मिड टाऊन के सदस्यों द्वारा अंबरनाथ के दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर आदि सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सभी का आभार और अभिनन्दन किया। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में अंबरनाथ नपा की तरफ से भी शहर के दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर देने का कार्य भी किया जाएगा।

# लोक कल्याण हेतु श्री शतचंडी महायज्ञ का किया गया आयोजन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ (उप्र) मांधाता क्षेत्र के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी (पिंटू तिवारी) ने बताया कि जन कल्याण एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलानी स्थित श्री कल्याणी धाम में श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी (पिंटू तिवारी) ने कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना और युवा पीढ़ी में सनातन संस्कृति और हिंदू धर्म को बढ़ावा देना है। सुभाष सरोज, प्रभात पांडे, अखिलेश पांडे सहित अन्य लोग श्री कल्याणी धाम पर दिन-रात डटे हुए हैं।

# भाजपा असल मुद्दों से ध्यान भटका रही-प्रमोद तिवारी

## बोले-महंगाई-बेरोजगारी पर चर्चा की बजाय कब्र-मीट का मुद्दा उठा रही सरकार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिजार्पुर, विंध्याचल धाम में नवरात्रि के पहले दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने मां विंध्यवासिनी दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह पिछले 40-50 वर्षों से यहां दर्शन करने आते हैं। प्रमोद तिवारी ने मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार देश के असल मुद्दों से ध्यान भटका रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कब्र, मस्जिद, मीट और कपड़ों जैसे मुद्दों में उलझी हुई है। महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने विदेशों में भारतीय छात्रों की स्थिति पर चिंता जताई। तिवारी ने कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से भारतीय युवाओं को निकाला जा रहा है। लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। प्रमोद तिवारी ने दलित सांसद के घर पर हुए हमले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राणा सांगा को हीरो मानने के बावजूद दलित सांसद के घर पर हमला किया गया और आगजनी का प्रयास किया गया। मां विंध्यवासिनी के दर्शन के दौरान उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए प्रार्थना की।

# 3.5 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार



## मिर्जापुर में फर्जी फाइनेंस कंपनी का निदेशक, लोगों को दिया था पैसा दोगुना करने का लालच

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, पुलिस ने फर्जी फाइनेंस कंपनी के निदेशक को गिरफ्तार किया है। आरोपी बबलू भारती ने अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों से 3.5 करोड़ रुपए की ठगी की है। कोतवाली कटरा थाने में 13 मार्च 2025 को लक्ष्मीकांत मिश्रा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने फर्जी कंपनी बनाकर अधिक ब्याज का लालच देकर लोगों से पैसे जमा कराए और फिर भाग गए। एसपी सोमेन बर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला के नेतृत्व में टीम गठित की गई। निरीक्षक बुद्धिसागर यादव की टीम ने मुखबिर की सूचना पर पड़रा हनुमान निवासी बबलू भारती को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उन्होंने स्थानीय लोगों को एजेंट बनाया और उनके माध्यम से भोली-भाली जनता से पैसे जमा कराए। फिर कंपनी को बंद कर सारा पैसा आपस में बांट लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार सिंह, निरीक्षक बुद्धिसागर यादव और कोतवाली कटरा की पुलिस टीम शामिल थी।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# गाजा में फिर युद्धविराम को तैयार हमास

## इजराइल बोला- हमास लीडर्स पहले हथियार सरेंडर करें, उसके बाद ही गाजा छोड़ने की इजाजत

एजेंसी

गाजा, फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने शनिवार को 50 दिन के युद्ध विराम के बदले 5 इजराइली बंधकों को रिहा करने पर सहमति दी है। रॉयटर्स के अनुसार, हमास के प्रमुख खलील अल-हय्या ने कहा कि वो ईद के दिन 5 बंधकों को रिहा कर सकते हैं। हमास को यह प्रस्ताव मिस्र और कतर की तरफ से दो दिन पहले मिला था। हमास ने एक इजराइली बंधक का वीडियो भी जारी किया है जिसमें वह अपनी रिहाई की अपील कर रहा है। दूसरी तरफ इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि हमास नेताओं को सरेंडर करने पर गाजा छोड़ने की इजाजत दी जाएगी। इससे पहले इजराइल ने हमास के प्रस्ताव के जवाब में एक प्रस्ताव दिया था। दोनों पक्षों के बीच 19 जनवरी को कतर में युद्ध विराम हुआ था, लेकिन 18 मार्च को गाजा में इजराइली एयरस्ट्राइक



के बाद यह खत्म हो गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल अभी भी हमास की कैद में जीवित 24 बंधकों में से 10 की रिहाई पर जोर दे रहा है। इजराइल का मानना है कि अभी 58 बंधक हमास की कैद में हैं, जिनमें से 34 की मौत हो चुकी है। खलील ने कहा कि जब तक इजराइल गाजा पर कब्जा करना बंद नहीं करेगा तब तक हमास अपने हथियार नहीं रखेगा। गाजा में 50 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत 25 मार्च के आंकड़ों के मुताबिक इजराइल-हमास जंग में अब तक 50 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 1 लाख 13 हजार से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। इजराइल-हमास के बीच दिसंबर में सीजफायर शुरू हुआ था। यह जनवरी में खत्म हो गया। इसके बाद एक बार फिर से इजराइल ने गाजा पर हमले शुरू कर दिए हैं। सीजफायर के बाद शुरू हुए हमले में अब तक 673 लोगों की मौत हुई है।

हमास के खिलाफ गाजा में विरोध प्रदर्शन दोनों पक्षों के संघर्ष के बीज अब गाजा में भी हमार विरोधी स्वर सुनाई दे रहे हैं। गाजा में मंगलवार को 3 जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। लोगों ने हमास को आतंकी संगठन कहा और सत्ता छोड़ने की मांग की। दरअसल, यहां के लोग इजराइल-हमास जंग से परेशान हो चुके हैं। सड़कों पर उतरे लोगों ने हमास बाहर जाओ, हमास आतंकी है,

हम हमास को उखाड़ फेंकना चाहते हैं के नारे लगाए। साथ ही जंग खत्म करो और फिलिस्तीन में बच्चे जीना चाहते हैं, लिखे पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। हमास के हथियारबंद लड़ाकों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ मारपीट की और उन्हें अलग-थलग करने की कोशिश की। इन प्रदर्शनों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

# सीरिया में कार्यवाहक सरकार का गठन, कोई प्रधानमंत्री नहीं

## अंतरिम राष्ट्रपति जुलानी ने 23 मंत्रियों को नियुक्त किया, एक ईसाई महिला भी शामिल

एजेंसी

दमिश्क, सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के तख्तापलट के 4 महीने बाद कार्यवाहक सरकार का गठन किया गया है। अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने 23 मंत्रियों को सरकार में नियुक्त किया है। जुलानी शनिवार देर रात इसकी घोषणा की। मंत्रिमंडल में एक ईसाई महिला को भी शामिल किया गया है। खुफिया विभाग के चीफ अनस खत्ताब को देश को नया गृहमंत्री बनाया गया है। इसके अलावा भी कई नए चेहरे सरकार में शामिल किए गए हैं। सरकार में प्रधानमंत्री का पद नहीं रखा गया है। इसकी जगह राष्ट्रपति जुलानी एक महासचिव नियुक्त करेंगे।



यह कार्यवाहक सरकार अगले पांच वर्षों तक सत्ता में रहेगी। इस दौरान एक स्थायी संविधान को अपनाया जाएगा और चुनाव कराए जाएंगे। अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने दिसंबर में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद का तख्तापलट किया था। जुलानी के नेतृत्व वाले ळळर संगठन ने सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह शुरू किया था। कुछ दिनों में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही असद खानदान की 54 पुरानी हुकूमत खत्म हो गई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल असद ने भागकर मॉस्को में शरण ली थी। जुलानी को अहमद अल-शरा नाम से भी जाना जाता है। उसने साल 2000 में उन्होंने मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया। एक लिबरल इस्लाम वाले माहौल में पला-बढ़ा जुलानी जब कॉलेज पहुंचा तो उसका सामना कट्टर इस्लाम वाली विचारधारा रखने वाले लोगों से हुआ। 2003 में जब उसे लगा कि अमेरिका इराक पर हमला करने वाला है तो वह परेशान हो गया और मेडिकल की पढ़ाई छोड़कर जंग लड़ने चला गया। इराक पहुंचकर जुलानी, अल कायदा के संपर्क में आया। जून 2006 में उसे अमेरिकी सेना ने पकड़कर जेल भेज दिया था।

जेल में रहने के दौरान जुलानी, बगदादी से जुड़े लोगों के संपर्क में आया। 2011 में जेल रिहा होने के बाद उसने सीरिया में कई हमलों को अंजाम दिया। उसने 2012 में अल कायदा की सीरिया शाखा जबात अल-नुस्त्र का गठन किया। 2017 में जुलानी ने एक वीडियो जारी कर हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के गठन का ऐलान किया। उसने कहा कि उसके संगठन का किसी बाहरी देश या पार्टी से कोई संबंध नहीं है।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट

## खुफिया एजेंसी एफएसबी के हेडक्वार्टर के पास की घटना; जेलेंस्की ने कहा था- जल्द पुतिन की मौत होगी

एजेंसी

मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार के इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई। हालांकि जिस वक्त ये हादसा हुआ, उस वक्त ये कार पुतिन के काफिले में शामिल नहीं थी और न ही पुतिन इस कार के आस-पास थे। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। घटना के बाद पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई हैं। 26 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया था कि जल्द पुतिन की मौत होगी। राष्ट्रपति पुतिन अक्सर इस लिमोजिन कार का इस्तेमाल करते रहते हैं। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को भी पिछले साल एक लग्जरी लिमोजिन कार गिफ्ट की थी। इसे रूस में बनाया जाता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की ने 26 मार्च को पेरिस में एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि जल्द ही पुतिन की मौत हो जाएगी और फिर सब कुछ (यूक्रेन जंग) खत्म हो जाएगा। यह एक फैक्ट है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा- पुतिन जिंदगी भर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षाएं यूक्रेन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि



उनका पश्चिमी देशों से भी सीधा टकराव हो सकता है।

### सुरक्षा के 4 घेरों में रहते हैं पुतिन

पुतिन के बॉडीगार्ड खुद को उनके मस्किटियर्स कहते हैं। इनमें रूस की फेडरल सिक्योरिटी फोर्स (एफपीएस) या एफएसओ के लोग शामिल होते हैं। इनके पास बिना किसी वारंट के तलाशी और निगरानी, गिरफ्तारी और अन्य सरकारी एजेंसियों को आदेश जारी करने का अधिकार है। सड़क पर पुतिन एक हथियारों से लैस कानवाय यानी काफिले के साथ चलते हैं। इनमें एके -47, टैंक-रोधी ग्रेनेड लॉन्चर और पोर्टेबल एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें शामिल हैं। जब पुतिन भीड़ में होते हैं तो सुरक्षा के चार घेरों में होते हैं, लेकिन इसमें से सिर्फ एक सेक्शन में उनके बॉडीगार्ड ही दिखाई देते हैं। दूसरा घेरा भीड़ के बीच छिपा होता है। तीसरा घेरा भीड़ के किनारे पर होता हो। इसके अलावा आसपास की छतों पर स्नाइपर्स भी बैठे होते हैं।

### पुतिन के बॉडीगार्ड को रिटायरमेंट के बाद मिलता है नया पद

पुतिन के बॉडीगार्ड को 35 साल की उम्र के बाद रिटायर कर दिया जाता है। हालांकि उन्हें रिटायरमेंट के बाद विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। उन्हें गवर्नर, मंत्री, स्पेशल फोर्स में ऑफिसर के रैंक दिए जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार एक अधिकारी पुतिन के खाने को टेस्ट करता है, ताकि ये पता लगाया जा सके कि उन्हें जहर ना दिया जा रहा हो।

# वाशिंगटन में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, चार घायल



> पियर्स काउंटी शेरिफ विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि इस सिलसिले में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। विभाग ने उसकी उम्र नहीं बताई।

एजेंसी

अमेरिका में वाशिंगटन के टैकोमा में एक पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पियर्स काउंटी शेरिफ विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि इस सिलसिले में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। विभाग ने उसकी उम्र नहीं बताई।

बयान के अनुसार रात 12.30 बजे से कुछ पहले, पुलिस को सूचना मिली कि 30 से 40 युवा लोग एक घर में हो रही पार्टी से भाग रहे हैं और चिल्ला रहे हैं। विभाग ने बताया कि गोलीबारी से आसपास के घरों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि दो हथियार बरामद हुए हैं।

# छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, शाह ने की सराहना



> शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएंगे, उनका पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें 14 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की सराहना की और कहा कि जो लोग हथियार छोड़कर विकास का रास्ता अपनाएंगे, उनका पुनर्वास किया जाएगा। शाह ने शेष नक्सलियों से भी आत्मसमर्पण के लिए आगे आने और हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। शाह ने कहा, 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद इतिहास बन जाएगा, यह हमारा संकल्प है। उन्होंने हिंदी में एक्स पर लिखा, यह बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएंगे, उनका पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें 14 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम घोषित था। बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूँ। मोदी जी की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएँगे, उनका पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 50 नक्सलियों में से छह पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था, जबकि तीन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। पांच अन्य पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, विशेष कार्य बल (एसटीएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन) ने उनके आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मोदी इसलिए पीएम क्योंकि वे बैसाखियों पर निर्भर :ओवैसी

## उन्हें नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, चिराग-जयंत का साथ; वक्फ बिल को लुटेरा कानून कहना चाहिए

> **तिरुपति मंदिर से गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाने पर उठाया सवाल**
> ओवैसी ने आंध्र प्रदेश चंद्रबाबू नायडू पर तिरुपति मंदिर से गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाने के लिए भी सवाल उठाया। ओवैसी ने कहा- नायडू तिरुपति मंदिर से गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाना चाहते हैं। वह गैर-मुस्लिमों को मुस्लिम वक्फ बोर्ड का सदस्य क्यों बनने दे रहे हैं?



एजेंसी

हैदराबाद ,एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भाजपा के पास लोकसभा में बहुमत नहीं है। यह सरकार बैसाखियों पर टिकी है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, क्योंकि वह नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान और जयंत चौधरी की बैसाखियों पर निर्भर हैं।

उन्होंने कहा- अगर ये चारों दल इस असंवैधानिक विधेयक (वक्फ बिल) का समर्थन नहीं करते हैं, तो यह विधेयक कानून नहीं बन पाएगा। वक्फ विधेयक मुस्लिम वक्फ बोर्ड को हमेशा के लिए बर्बाद कर देगा, लेकिन अगर ये भाजपा का समर्थन करते हैं, तो मैं उन्हें चेतावनी दे रहा हूं कि मुसलमान उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को लुटेरा (संशोधन) कानून कहा जाना चाहिए, क्योंकि भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों को हड़पना चाहती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झूठ बोल रहे हैं कि कोई वक्फ ट्रिब्यूनलके खिलाफ अदालत नहीं जा सकता है। ओवैसी ने शनिवार को हैदराबाद में बांह में काली पट्टी बांधकर वक्फ बिल का विरोध करते हुए नमाज पढ़ी। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के कहने पर लखनऊ, हैदराबाद और अन्य शहरों में मुस्लिमों को बांह पर पट्टी बांधे देखा गया। ओवैसी ने कहा कि वक्फ बिल अनुच्छेद 14, 26 और 29 सहित संविधान के कई प्रावधानों का उल्लंघन करता है। आप सर्वे कमिश्नर (प्रस्तावित विधेयक के अनुसार) को क्यों हटा रहे हैं। यह सबसे वरिष्ठ अधिकारी का पद है। यह सब लूट के लिए है। इसे वक्फ (संशोधन) नहीं बल्कि लुटेरों (संशोधन) कानून कहा जाना चाहिए। ओवैसी ने कहा- क्या आप इनकम ट्रिब्यूनल के खिलाफ (समीक्षा याचिका) दायर नहीं कर सकते? अमित शाह देश को गुमराह कर रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, गृह मंत्री ने 28 फरवरी को कहा था कि अगस्त 2024 में को भेजा गया वक्फ (संशोधन) विधेयक संसद के मौजूदा सत्र में फिर से पेश किया जाएगा। सरकार को मौजूदा कानून में संशोधन विधेयक लाना पड़ा क्योंकि मूल कानून तुष्टिकरण की राजनीति के कारण बनाया गया था। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने ओवैसी पर मुस्लिम समुदाय से झूठ बोलने के आरोप लगाया।

# चेन्नई जाने वाले घरेलू विमान का टायर फटा, बाल-बाल बचे यात्री

> जयपुर से चेन्नई आ रहे एक विमान का टायर रविवार सुबह निर्धारित लैंडिंग से पहले फट गया. अधिकारियों ने फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई.

एजेंसी



चेन्नईः जयपुर से चेन्नई आ रही फ्लाइट रविवार को दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई. पालयट की सतर्कता और हवाई अड्डा अधिकारियों की मुस्तैदी से बड़ी दुर्घटना टल गयी. विमान के हवाई पट्टी पर उतरने से ऐन वक्त पहले पायलट को टायर फटने की जानकारी हुई. इसकी सूचना एयरपोर्ट अधिकारियों को दी गई. फिर पायलट की सतर्कता से विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई.जयपुर से चेन्नई आ रहे एक विमानका टायर लैंडिंग से पहले फटने की सूचना मिलने पर अधिकारियों में हड़कंप मच गया. आपातकालीन व्यवस्थाएं की गई. फिर अधिकारियों की मुस्तैदी में विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई. इसके बाद सभी यात्रियों और चालक दल को सुरक्षित विमान से बाहर निकाला गया. कहा जा रहा है कि यात्रियों को इस घटना की जानकारी होने पर वे कुछ समय के लिए घबरा गए.बताया जाता है कि लैंडिंग से पहले पायलट ने टायर फटने का पता लगाया और अधिकारियों को सूचित किया. उन्होंने ऐसी परिस्थितियों में लैंडिंग के लिए नियमों के अनुसार विमान को उतारा

# आप ने भाजपा सरकार पर फरिश्ते दिल्ली के योजना को बंद करने का आरोप लगाया

## फरिश्ते दिल्ली के योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों को निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है

> आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पूर्ववर्ती आप सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल से हजारों लोगों की जान बचाने में मदद मिली थी, लेकिन अब इसे बंद किया जा रहा है। भारद्वाज ने सवाल किया, ऐसी अच्छी योजना जो लोगों की जान बचाती है, उसे कोई कैसे बंद कर सकता है? भाजपा सरकार ने इसे बजट से हटा दिया है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत दिल्ली सरकार पर फरिश्ते दिल्ली के योजना को बंद करने का आरोप लगाया। फरिश्ते दिल्ली के योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों को निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। भाजपा ने आप के इस आरोप पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पूर्ववर्ती आप सरकार द्वारा शुरू की गई इस



पहल से हजारों लोगों की जान बचाने में मदद मिली थी, लेकिन अब इसे बंद किया जा रहा है। भारद्वाज ने सवाल किया, ऐसी अच्छी योजना जो लोगों की जान बचाती है, उसे कोई कैसे बंद कर सकता है? भाजपा सरकार ने इसे बजट से हटा दिया है।साल 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई फरिश्ते दिल्ली के योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों का निजी अस्पतालों में इलाज कराया जाता है और इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाती है, ताकि राहगीर वित्तीय बोझ के डर के बिना घायलों की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित हों। आप के अनुसार, इस पहल के तहत 10,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई।भारद्वाज ने दावा किया कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान भी उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने इस योजना को बंद करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि आप को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा था, जिसके बाद इस योजना को जारी रखने के लिए धनराशि जारी की गई थी। भारद्वाज ने आरोप लगाया, भाजपा उपराज्यपाल के माध्यम से इस योजना को बंद करने में विफल रही थी। अब सत्ता में आने के बाद उसने इसे पूरी तरह से बंद कर दिया है।

## संक्षेप

### शराब दुकानों के नए लाइसेंसधारियों को डीएम की चेतावनी

**मिलावट या ओवर रेट पर होगी लाइसेंस रद्द, ब्लैक लिस्ट में नाम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने आबकारी दुकानों के नए लाइसेंसधारियों को कड़ी चेतावनी दी है। कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि शराब में मिलावट या अधिक दाम वसूलने पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नियमों का शत-प्रतिशत पालन करना होगा। उल्लंघन करने वालों का लाइसेंस रद्द कर उन्हें ब्लैक लिस्ट में डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि नियमों में बदलाव किए गए हैं, जिन्हें ध्यान से समझना जरूरी है। दुकानों पर पीओएस मशीन से ही बिक्री करनी होगी। मशीन टूटने या खोने पर जुमार्ना लगेगा। दुकान के बाहर मानक के अनुसार साइन बोर्ड और एमआरपी लिस्ट लगाना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर ही दुकान खोलनी और बंद करनी होगी। डीएम ने कहा कि ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार किया जाए। हर दुकान पर कम से कम दो सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे, जिनमें एक महीने की रिकॉर्डिंग रखनी होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी, जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय और बड़ी संख्या में जनपद के लाइसेंसधारी मौजूद रहे।

### गन्ना समिति की वार्षिक बैठक

**14 दिन में गन्ना भुगतान का आश्वासन, बीज और रोग नियंत्रण पर चर्चा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हापुड़, सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। समिति के सभापति कुणाल चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में हापुड़ के सदर विधायक विजयपाल आढ़ती मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, जिला अध्यक्ष नरेश तोमर और सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। समिति के 85 गांवों के प्रतिनिधियों ने भी इसमें हिस्सा लिया। सभापति कुणाल चौधरी ने बताया कि किसानों की समस्या का निस्तारण करना ही पार्टी का लक्ष्य है। कार्यक्रम में ब्रजनाथपुर, सिम्भावली, नंगलामल, मोदीनगर और अनामिका चीनी मिलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। समिति के सचिव प्रभारी मनोज कुमार ने सभा का संचालन किया। संचारी रोग नियंत्रण की दी जानकारी सिम्भावली चीनी मिल के कुशलवीर सिंह ने गन्ने के बीज, रोग और उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि विजयपाल आढ़ती ने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए गन्ना मूल्य का भुगतान 14 दिनों के भीतर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान गन्ना समिति के संचालक मंडल के सदस्य भी मौजूद रहे।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हिंदू नववर्ष की शुरूआत

**प्रयागराज के अरैल में महर्षि आश्रम में शंख ध्वनि के बीच लोगों ने दी शुभकामनाएं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, सनातन जागृति के पर्व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन नववर्ष के रूप में मनाने की परंपरा है। ऐसे में प्रयागराज के अरैल स्थित महर्षि आश्रम में रविवार को नवरात्र के पहले दिन नववर्ष की शुरूआत सूर्य की किरणों के साथ शंख ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। जहां बड़ी संख्या में शहर के लोग शामिल हुए और एक दूसरे को नव संवत्सर की बधाई दी। आयोजन में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जजेज के साथ ही संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। सृजन जन सेवा समिति की तरफ से तरफ से प्रत्येक वर्ष नव संवत्सर पर होने वाले आयोजन को इस बार अरैल के महर्षि महेश योगी के समाधी स्थल स्थित आश्रम में आयोजित किया गया। मां गंगा के पावन तट पर स्थित आश्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। हिंदू नववर्ष के अवसर पर सूर्य की पहली किरण का स्वागत करने के लिए विशेष रूप से डमरू वादकों को वाराणसी से बुलाया गया था। सुबह साढ़े पांच बजे तक सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। सूर्यदेव के प्रकट होते ही शंख ध्वनि के साथ डमरू वादकों की प्रस्तुति के साथ हो रहे मंत्रोच्चार ने पूरे माहौल को सनातनी परंपरा से अभिभूत कर दिया। इस दौरान शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज और महर्षि आश्रम के आचार्य गिरीश जी महाराज भी ऑनलाइन समारोह में शामिल हुए। नव संवत्सर कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश जी ने कहा कि सनातन धर्म में हर नए चीज की शुरूआत भगवान भास्कर के आगमन से होती है। यही सनातनी परंपरा की सुंदरता है। आयोजन को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से सनातन संस्कृति प्रदीप्त होती है। इस मौके पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस मंजू रानी चौहान, जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव, लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संजय श्रीनेत, लोक सेवा आयोग के मेंबर्स, आरएसएस पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक अनिल, सृजन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. बीबी अग्रवाल, लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्य व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सबिता अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क पार करते समय नर्स की मौत

**बेकाबू बाइक ने मारी टक्कर, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। निजी अस्पताल आर डी मेमोरियल अस्पताल में कार्यरत नर्स आराधना देवी की बाइक की टक्कर से मौत हो गई। आराधना नवरात्रि की पूजा के लिए अस्पताल से अपने घर जा रही थी।

अस्पताल से बाहर निकलकर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान मनौरी की तरफ से आए एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल आराधना को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। सिर में गंभीर चोट के कारण डॉक्टरों ने उन्हें प्रयागराज के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के पति राजेश कुमार सरोज मादपुर गांव में खेती-किसानी करते हैं। दस साल पहले आराधना की शादी हुई थी। वह तीन बच्चों की मां थी। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पूरामुफ्ती पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जमीन को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

- परती की जमीन पर कब्जे का है झगड़ा, महिला को भी गिराकर पीटा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जमीनी विवाद में दो पक्ष आमने-सामने हो गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लात घूंसे चलने लगे। घटना का वीडियो सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने लाकर पूछताछ करने में जुटी है। पूरा मामला रामगंज थाना क्षेत्र के मंगरा मिर्जा का पुरवा गांव का है, जहां आज दोपहर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई और दोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे चलने लगे। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद का वीडियो सामने आया है। पुलिस दोनों पक्षों से कर रही पूछताछ जानकारी के अनुसार विवाद नवीन परती की जमीन पर कब्जे को लेकर हुआ। बताया जा रहा है कि इस भूमि पर कब्जे की कोशिश अखिल और ओमप्रकाश नामक व्यक्तियों के बीच टकराव की वजह बनी। वीडियो में एक महिला को पीटे जाने की घटना भी सामने आई है। दोनों पक्ष एक ही बिरादरी के हैं। रामगंज थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ हो रही है।

# गैस पर खाना बनाते वक्त महिला पर गिरा केरोसिन


**बांदा में हादसा, अलमारी से गिरा तेल; गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बांदा, बबेरू थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। एक महिला गैस पर खाना बना रही थी। इसी दौरान ऊपर रखी अलमारी से केरोसिन का तेल गिर गया। गैस की आग से केरोसिन जलने लगा और महिला आग की चपेट में आ गई। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत महिला की आग बुझाई। महिला बुरी तरह झुलस गई थी। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बबेरू ले गए। डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बांदा रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि गैस के ऊपर रखी अलमारी में केरोसिन का तेल रखा हुआ था। जलते गैस के ऊपर तेल गिरने से यह हादसा हुआ।

# सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे



- प्रधान ने स्वनिधि से करवाया इंतजाम, राहगीरों की सुरक्षा का रखा ध्यान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित चांदा चौराहे को अब सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया गया है। ग्राम प्रधान प्रतापपुर कमेंचा किरन दुबे ने स्वनिधि से चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। चांदा चौराहा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यह प्रतापगढ़ और कादीपुर को सीधे जोड़ता है। यहां हमेशा भीड़-भाड़ रहती है। प्रधान प्रतिनिधि अजय दुबे के अनुसार, कैमरे व्यापारियों, राहगीरों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं। इससे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा। कस्बे के व्यापारियों ने इस पहल का स्वागत किया है। विजय मोदनवाल, राजकुमार गुप्ता, उदयराज यादव, राजू और संतोष मोदनवाल समेत कई व्यापारियों ने इस कार्य की सराहना की है।

# राणा-सांगा पर सपा सांसद के बयान से भड़के शांतनु महाराज

**बोले- सपा की मंशा साफ, वो बाबर-औरंगजेब के समर्थक; भारत को तोड़ने का षड्यंत्र**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, प्रख्यात कथावाचक शांतनु महाराज ने सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के विवादित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। नगर के ठठेरी बाजार में आयोजित कवि सम्मेलन में पहुंचे शांतनु महाराज ने कहा कि राणा सांगा पर विवाद मूर्खतापूर्ण है।

उन्होंने कहा कि किसी सांसद द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग भारत की अस्मिता पर प्रश्नचिह्न है। महाराज ने आरोप लगाया कि भारत के महापुरुषों की परंपरा को समाप्त करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। उन्होंने करणी सेना का समर्थन करते हुए चेतावनी दी कि अगर कोई फिर ऐसी भाषा का प्रयोग करेगा, तो उसका कड़े शब्दों में प्रतिशोध लिया जाएगा। मसूद सालार गाजी और राणा सांगा की तुलना पर शांतनु महाराज ने कहा कि यह सूर्य और कीचड़ की तुलना जैसा है। उन्होंने औरंगजेब को दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर विध्वंसक बताया, जिसके कृत्यों को छत्रपति शिवाजी महाराज ने सुधारा। शांतनु महाराज ने स्पष्ट किया कि यह देश सनातनियों का है। उन्होंने कहा कि इस देश का नाम भारत और हिंदुस्तान है, जो हिंदुओं का स्थान है। उनका कहना था कि सनातन परंपरा बीच-बीच में कुछ आक्रमणों से खंडित हुई है और अब उसकी पुनर्स्थापना की मांग है।

# सपा सांसद को गोली मारने वाले को 25 लाख दूंगा

**अलीगढ़ में करणी सेना के नेता का ऐलान, बोला- मिले तो मैं ही उड़ा दूंगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, करणी सेना के सदस्य ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन को गोली मारने वाले को 25 लाख रुपए इनाम देने की घोषणा की है। मोहन चौहान ने एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में कह रहा है कि सांसद रामजीलाल माफी मांग लें नहीं तो वो कहीं मिल गए तो सीधे सीने में गोली मारूंगा। उसने कहा- अगर कोई व्यक्ति रामजीलाल सुमन को गोली मारता है तो मेरा संगठन उस व्यक्ति को 25 लाख रुपए का इनाम देगा। हालांकि करणी ने बयान से किनारा कर लिया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह संगठन के सदस्य नही हैं। जो उन्होंने कहा है, वह उनका व्यक्तिगत मामला है। सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में कहा था- भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। 26 मार्च को करणी सेना ने आगरा में सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर हमला कर दिया था। घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी थी। राजस्थान में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने सांसद की जीभ काटने पर 5.51 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। मोहन चौहान ने कहा- राणा सांगा वह वीर थे, जिनके शरीर पर 80 घाव थे। एक पैर नहीं था, एक हाथ नहीं था और एक आंख नहीं थी। फिर भी लड़ते रहे और कभी किसी से मदद नहीं मांगी। अगर कोई हमारे समाज से और इतिहास से छेड़छाड़ करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति रामजीलाल सुमन को गोली मारेगा तो वह और उनका संगठन उसे 25 लाख रुपए का इनाम देगा। अगर उसका आमना- सामना हो गया तो वह भी सीधे गोली मारने का काम करेगा। मोहन चौहान वीडियो जारी करने के बाद से लापता है। एसपी संजीव सुमन का कहना है कि मोहित की तलाश के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया है। जल्दी ही उसे पकड़ा जाएगा। सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में कहा था- भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। बाबर की आलोचना करते हैं, राणा सांगा की नहीं। देश की आजादी की लड़ाई में इन्होंने अंग्रेजों की गुलामी की थी। हिंदुस्तान का मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है।

# मन की बात में पीएम मोदी का व्यापारियों को संदेश

**अमेठी में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की बात की, लोगों ने सुना कार्यक्रम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को व्यापारियों और भाजपा कार्यकताओं ने उत्साह से सुना। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी के गौरीगंज रोड स्थित कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में राष्ट्रीय, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, नवाचार और डिजिटल इंडिया पर जोर दिया। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की बात की। व्यापार और उद्योग क्षेत्र में नए अवसरों और चुनौतियों पर विचार साझा किए। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम देश के हर वर्ग को प्रेरित करता है। उनकी बातें व्यापारियों को आगे बढ़ने और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करती हैं। युवा व्यापारियों ने 'वोकल फॉर लोकल' अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे छोटे और मध्यम व्यापारियों को नई ऊर्जा मिली है। कार्यक्रम में राहुल सोनी, मोनू, संदीप अग्रहरि, हर्षित अग्रहरि, प्रधान, विकास और हिमांशु कसौधन समेत कई प्रमुख व्यापारी मौजूद थे। सभी ने डिजिटल पेमेंट, स्टार्टअप इंडिया और स्किल डेवलपमेंट जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री के संदेश को सराहा। व्यापारियों ने इन विचारों को अपने व्यवसाय में अपनाने का संकल्प लिया।

# नकली घड़ी डिटर्जेंट पाउडर की फैक्ट्री पकड़ी

**महावन में छापा, मालिक को कोर्ट में पेश होने का आदेश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, महावन थाना क्षेत्र में नकली घड़ी डिटर्जेंट पाउडर का उत्पादन करने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। फैक्ट्री में 'न्यू सुपर घड़ी' नाम से डिटर्जेंट पाउडर का निर्माण किया जा रहा था। घड़ी डिटर्जेंट पाउडर कंपनी के अधिकारियों को जब इस अवैध निर्माण की जानकारी मिली, तो उन्होंने दिल्ली के वाणिज्य न्यायालय में याचिका दायर की। न्यायालय ने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने स्थानीय पुलिस बल के साथ गांव नगला देवकरन में छापेमारी की। मौके से डिटर्जेंट पाउडर के नमूने और पैकेजिंग मटीरियल जब्त किए गए। टीम में पारस और अन्य अधिवक्ता शामिल थे। महावन थाने के उपनिरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

# राणा सांगा पर बयान का विरोध

**करणी सेना ने सपा सांसद का पुतला फूंका, 12 को आगरा में बड़ा प्रदर्शन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, राजस्थान के महाराजा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में करणी सेना ने जोरदार प्रदर्शन किया। करणी सेना भारत के कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका। करणी सेना भारत के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बस अड्डे के पास एकत्रित होकर जुलूस निकाला। कस्बे के अंबेडकर तिराहे पर प्रदर्शन के दौरान सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महाराजा राणा सांगा का बलिदान देश के इतिहास में अमिट है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी मुगल मानसिकता की परिचायक बन चुकी है। उनका कहना था कि ऐसी विचारधारा रखने वाले लोगों को संसद में रहने का अधिकार नहीं है। बड़े प्रदर्शन की चेतावनी करणी सेना के अभिषेक सिंह ने सपा सांसद को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर सांसद तत्काल प्रभाव से नाक रगड़कर माफी नहीं मांगते, तो 12 तारीख को आगरा कुंज में बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में सभी जातियों के लोग शामिल होंगे। प्रदर्शन में अयोध्या मंडल प्रभारी राजू सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सर्वेश सिंह, अभिषेक सिंह समेत बड़ी संख्या में करणी सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।